दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



स्केरी पिक्चर का पहला लुक आया सामने

कोमल ने शेयर कीं गोविंदा संग तस्वीरें

वर्ष : 12 | अंक : 316 | लखनऊ, 15 नवम्बर ,रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

बाल दिवस पर राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में किया गया आयोजन

राष्ट्रपति ने बच्चों से किया संवाद, उन्होंने बच्चों को पूरे उत्साह, लगन व दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित भी किया

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों से मुलाकात की और उनसे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पूरे उत्साह, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की गई पोस्ट में बताया गया कि राष्ट्रपति ने बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को पूरी लगन, समर्पण और दृढ़ता के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।



प्रधानमंत्री- रक्षामंत्री, स्पीकर ने दी नेहरू को श्रद्धांजलि

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, "पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, नेहरू की जयंती पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में उनके नेतृत्व ने देश पर अमिट छाप छोड़ी है।

सीएम विजय ने दी बच्चों को शुभकामनाएं

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को उनकी क्षमताओं और प्रतिभा को पहचानने के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। विजय ने एक्स पर साझा संदेश में पं.नेहरू को श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

मसूरी के शिव प्रसाद को दिया तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार

उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है कि मसूरी के केम्पटी फॉल स्थित हिमालयन एडवेंचर इंस्टीट्यूट के संस्थापक-निदेशक शिव प्रसाद चमोली को देश के सर्वोच्च साहसिक सम्मान तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2024 (आजीवन उपलब्धि) से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति ने 13 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में समारोह में 84 वर्षीय चमोली को यह सम्मान प्रदान किया।



उनके नाम रिकॉर्ड कारनामे दर्ज

चमोली ने भारतीय पर्वतारोहण और रिवर राफ्टिंग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में 1981 में ग्रेट हिमालयन ट्रैवर्स अभियान पूरा किया गया। कंचनजंगा से काराकोरम तक 5,000 किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा करते हुए 265 दिनों में 106 हिमालयी दर्रे पार किए। यह विश्व रिकॉर्ड के रूप में दर्ज है1991 में उन्होंने भारत-जापान के संयुक्त ब्रह्मपुत्र राफ्टिंग अभियान का नेतृत्व किया। करीब 1,100 किलोमीटर की नदी यात्रा पूरी की।

खबर संक्षेप

नवीन रायपुर में 'गौरव' कार्यक्रम में शामिल होंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के



अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम में उन्हें याद किया जाएगा।

कार पुल से टकराई तीन लोगों की मौत

कैथल। हरियाणा के कैथल में शनिवार तड़के एक कार के नहर के पुल से टकराने से 3 लोगों की मौत



हो गई और 3अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब कार सवार अपने गांव करोड़ा लौट रहे थे। मृतकों की पहचान नवदीप, प्रदीप और अजय के रूप में हुई है। घायलों की पहचान साहिल, अर्जुन और नरेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग काम कर लिया है।

तरनतारन में बसों की टक्कर, 4 की मौत

तरनतारन। जम्मू-कश्मीर-राजस्थान राष्ट्रीय मार्ग पर कस्बा नौशहरा पन्नूआं के पास मुख्यमंत्री



तीर्थ यात्रा से संबंधित 2 बसों की बाइक को बचाते समय टक्कर हो गई। इस हादसे में करीब 4यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। 18 यात्री घायल हुए। दोनों बसें फिरोजपुर से श्री हरिमंदिर साहिब अमृतसर के दर्शनों लिए यात्रियों को लेकर जा रही थीं।

तमिलनाडु में वस्तुओं का स्टॉक किया तय

चेन्नई। धान, चावल, अरहर दाल और उड़द दाल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर स्टॉक की सीमा तय



कर दी है। यह नया आदेश लागू किया गया है।

तेलंगाना के गिग वर्कर्स के लिए राहुल ने किए कई बड़े ऐलान

वाई फाई फ्री जोन, 10 लाख हेल्थ इंश्योरेंस हर ट्रांजैक्शन का 1% सीधे खाते में पहुंचेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम की शुरुआत की



ऑनलाइन सामान पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉय और दूसरे गिग वर्कर्स के लिए तेलंगाना सरकार ने बड़ी पहल की है। अब इन कर्मचारियों को दुर्घटना होने पर 5 लाख रुपए तक का बीमा और बीमारी के इलाज के लिए 10 लाख रुपए तक का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा। राज्य के हर शहर में इनके लिए वाई-फाई वाले आराम केंद्र भी बनाए जाएंगे। यहां डिलीवरी वर्कर्स अपना वाहन खड़ा कर सकेंगे और कुछ देर बैठकर आराम भी कर सकेंगे। इस योजना का ऐलान कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया। राहुल ने तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम की शुरुआत की। इस मौके पर सीएम रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भी थे।

5 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा मिलेगा

राहुल ने कहा कि डिलीवरी का काम करने वाले लोग दिनभर सड़कों पर रहते हैं। तेलंगाना सरकार ने गिग वर्कर्स को 5 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा देने का ऐलान किया है।

आराम केंद्रों में बैठ सकेंगे डिलीवरी बॉय

राहुल ने कहा कि ये लोग शहरों में घंटों तक बाइक चलाते हैं और सामान पहुंचाते रहते हैं।उन्होंने ऐलान किया कि हर शहर में गिग वर्कर्स के लिए वाई-फाई वाले रेस्ट जोन बनाए जाएंगे।

मोबाइल पर दिखेगा कितनी कमाई हुई

राहुल ने इस योजना की एक और खास बात बताई। उन्होंने कहा कि अब गिग वर्कर्स को अपने काम का पूरा डेटा देखने का अधिकार मिलेगा। आज बड़ी-बड़ी कंपनियां डेटा के आधार पर काम कर रही हैं।

कर्नाटक दौरा: हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी, फंसा रहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री की कर्नाटक यात्रा के दौरान उनके काफिले में शामिल वायु सेवा के एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण शुक्रवार को उसे ललित महल के पास जयलक्ष्मीपुरम वाडियार हेलीपैड पर ही रोकना पड़ा। प्रधानमंत्री के काफिले के लिए वायु सेवा के तीन हेलीकॉप्टर मैसूर पहुंचे थे। तकनीकी खराबी वाला हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर ही खड़ा रहा।

प्रधानमंत्री का गुजरात दौरा

प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, देवी दर्शन किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार दोपहर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी के साथ बैठक करने के बाद राज्य से रवाना हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान मोदी ने धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र, साबरमती आश्रम के पुनर्विकास और 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों सहित कई प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री शुक्रवार अहमदाबाद पहुंचे थे और लोक भवन गए। वहीं रात में विश्राम भी किया। शनिवार को बनासकांठा जिले के प्रसिद्ध अंबाजी मंदिर गए।

डीके की प्रधानमंत्री से मांग पर भड़की कांग्रेस

टैगोर बोले-मेकेदातु बांध को कांग्रेस हर तरीके से रोकेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



कावेरी नदी पर प्रस्तावित मेकेदातु बांध परियोजना को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच पुराना विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। यह विवाद तब और बढ़ गया जब सीएम डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मेकेदातु प्रोजेक्ट के लिए केंद्र से जल्द मंजूरियां देने की मांग कर दी। शिवकुमार ने केंद्र से इस परियोजना को कानूनी तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मांगी।

डीके बोले- यह मेरा राज्य और मेरा अधिकार है

सीएम ने कहा कि कर्नाटक को कावेरी पर बांध बनाने का अधिकार है। यह मेरा राज्य है और मेरा अधिकार भी है।

भाजपा का कांग्रेस के 'भारत शिखर सम्मेलन 2026' पर पलटवार

राहुल के आरोप बचकाने और पूरी तरह से निराधार

नई दिल्ली। भाजपा और उसके प्रवक्ताओं ने राहुल गांधी के इन आरोपों को पूरी तरह खारिज और निराधार बताया है भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी निराधार और बचकानी बयानबाजी करते हैं और उनके बयानों का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं होता। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल के इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में तमिल भाषा और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। भाजपा नेताओं ने तमिलनाडु में कांग्रेस के प्रभाव पर सवाल उठाए है।



राहुल सम्मेलन में गुइल्युम लॉन्ग को बुलाने पर जवाब दें?

भाजपा ने सवाल किया कि उसने हैदराबाद में 'भारत शिखर सम्मेलन 2026' में गुइल्युम लॉन्ग को क्यों आमंत्रित किया? भाजपा ने विपक्षी पार्टी पर यह भी आरोप लगाया कि वह ऐसे लोगों को मंच दे रही है, जो उन अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों से जुड़े हैं जो भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करना चाहते हैं। इक्वाडोर के पूर्व विदेश मंत्री गुइल्युम लॉन्ग को तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा आयोजित 'भारत शिखर सम्मेलन 2026' में वक्ताओं में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

मुख्यमंत्री रेखा ने प्रतिभागियों से बातचीत भी की

दिल्ली के भारत मंडपम में किया गया आयोजन

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में दिल्ली मंडप का उद्घाटन किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित 45वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार



मेले में दिल्ली मंडप का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि गुप्ता ने मेले में कई स्टॉल का दौरा किया और प्रतिभागियों से उनके उत्पादों के बारे में बातचीत की। व्यावसायिक आगंतुकों को 14 से 18 नवंबर तक सुबह 9.30 बजे से शाम 7.30 बजे के बीच गेट नंबर 3, 4, 6और 10 से प्रवेश मिलेगा। टिकट ऑनलाइन और सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर अन्य मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे।

राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का समापन

मौखिक परंपराओं को बचाने और साहित्य को बढ़ावा देने पर जोर

नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 2 दिन का राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव शुक्रवार को भारत की समृद्ध जनजातीय साहित्यक परम्परा को बचाने और देशज ज्ञान और मौखिक कहानियों को समकालीन साहित्यिक अभिव्यक्ति से जोड़ने पर चर्चा के साथ खत्म हुआ। उत्सव के हिस्से के तौर पर आयोजित इस उत्सव में फ्रॉम ओरल ट्रेडिशन टू कंटेम्परेरी ट्राइबल लिटरेचर थीम के तहत देश भर के जनजातीय लेखक, कवि, शोधकर्ता, भाषाविद और विद्वान एक साथ आए।

जांच अधिकारी ने सोनिया के दावों को नकारा

साबरमती ट्रेन में जान-बूझकर लगाई गई थी आग ज्वलनशील पदार्थ का इस्तेमाल किया गया था

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सोनिया गांधी की किताब 'बिलोंगिंग: अ जर्नी ऑफ लव' जारी होने के बाद से ही चर्चाओं में बनी हुई है। अब गुजरात दंगों को लेकर सोनिया की टिप्पणी पर भी विवाद हो गया है। गांधी ने दावा किया है कि साबरमती एक्सप्रेस की बोगियों में आग लगने की वजह अभी भी विवादित है। जिसके बाद गुजरात में दंगे भड़क उठे थे। हालांकि साबरमती ट्रेन अग्निकांड की जांच करने वाली एसआईटी के प्रमुख रहे पुलिस अधिकारी राकेश अस्थाना ने इन दावों को खारिज कर दिया है। अस्थाना ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है, दोषियों को सजा भी मिल चुकी है। यह आग जानबूझकर लगाई गई थी, जिसमें किसी ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया गया था। मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि आग लगने का कारण अभी भी साफ नहीं है।

गुजरात दंगों को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर भी विवाद



जांच में सच सामने आ गया

अस्थाना ने कहा कि वे कोच के अंदर ही मर गए>भीड़ ने उनका पीछा किया, उन्हें मार डाला या घायल कर दिया और उन्हें मारने की कोशिश की। यह दावा कि यह एक हादसे में लगी आग थी, गलत है। अस्थाना ने कहा, जहां तक आग लगने के कारण का सवाल है, तो यह मामला मुख्य रूप से फोरेंसिक सबूतों पर आधारित है।

बेनर्जी कमेटी के जरिए घुसे फंसाना चाहते थे लालू

अस्थाना ने दावा किया है कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव उन्हें जस्टिस यूसी बेनर्जी समिति के जरिए निशाना बनाना चाहते थे। उस समय मीडिया से जुड़े एक परिचित ने हमें सावधान रहने की चेतावनी दी थी। अस्थाना ने बताया कि उनके हॉस्टल के एक पुराने साथी, जो दिल्ली में मीडिया में एक वरिष्ठ पद पर थे, ने उन्हें फोन करके चेतावनी दी थी कि उन्हें इस मामले में फंसाया जा सकता है।

बाबा जुगुनू दास मेले में कबड्डी महाकुंभ का भव्य समापन, स्टार एकेडमी जबलपुर बनी चैंपियन

गोरखपुर रेलवे को मिला दूसरा स्थान, चौधरी क्लब दिल्ली रही तीसरे पायदान पर; 32 टीमों के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विजेताओं पर हुई लाखों की पुरस्कार वर्षा

अमन लेखनी समाचार

गोसाईंगंज (लखनऊ) ग्राम पंचायत मीसा में सैकड़ों वर्षों से आयोजित हो रहे ऐतिहासिक बाबा जुगुनू दास मेले में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी महाकुंभ प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य एवं रोमांचक समापन हुआ। खेल के मैदान में दो दिनों तक खिलाड़ियों के जोश, जुनून और शानदार प्रदर्शन ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर तक तालियां बजाने को मजबूर रहे। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंची कुल 32 टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा और दमखम का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता के पहले दिन 14 तथा दूसरे दिन 18 टीमों ने मुकाबले में हिस्सा लिया।

स्टार एकेडमी जबलपुर ने मारी बाजी, गोरखपुर रेलवे को मिली उपविजेता की ट्रॉफी

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्टार एकेडमी जबलपुर और गोरखपुर रेलवे के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। रोमांच और संघर्ष से भरपूर इस मुकाबले में स्टार एकेडमी जबलपुर ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। वहीं गोरखपुर रेलवे की टीम उपविजेता रही, जबकि चौधरी क्लब दिल्ली ने तीसरा स्थान हासिल किया।

विजेताओं पर हुई पुरस्कारों की बारिश, बेस्ट रेडर और डिफेंडर भी हुए सम्मानित

प्रतियोगिता के आयोजक एवं गोसाईंगंज प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार 'जीतू' तथा उपस्थित अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली स्टार एकेडमी जबलपुर को 1 लाख 51 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली गोरखपुर रेलवे को 51 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली चौधरी क्लब दिल्ली को 21 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बेस्ट रेडर भवानी सिंह राजपूत एवं बेस्ट डिफेंडर नितिन पवार को 5,100-5,100 रुपये नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी, ट्रैकसूट एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।

चार वर्षों से खेल प्रतिभाओं को मिल रहा राष्ट्रीय मंच

उल्लेखनीय है कि बाबा जुगुनू दास मेले के अवसर पर पिछले चार वर्षों से लगातार प्रत्येक वर्ष नवंबर माह में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी महाकुंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना, युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना तथा उनमें अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस बार 32 टीमों की सहभागिता ने प्रतियोगिता के बढ़ते आकर्षण और लोकप्रियता को एक नई पहचान दी।



राजनीतिक, सामाजिक एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी आयोजन की भव्यता

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी, पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. पुष्पेंद्र पासी, देवेंद्र पासी, गोसाईंगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गोसाईंगंज निखिल मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष अमेठी वाहिद खान, प्रधान संघ अध्यक्ष मोहनलालगंज देवेंद्र सिंह, अपना दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष पोनू पटेल, पूर्व प्रमुख मान सिंह वर्मा, डॉ. नरेंद्र रावत, उरई जालौन से कुंवर भूपेंद्र सिंह, समाजसेवी नीरज यादव, कमेटी सदस्य एवं पार्षद राजेश रावत, पार्षद प्रतिनिधि गौरव रावत, विजय बाथम, रिंकू बाथम, सुनील रावत, विद्यासागर, खुशीराम बाथम, सुरजीत मौर्य, रामू काका, अशोक कुमार, सुहेलदेव आर्मी अध्यक्ष योगेश पासी, शिवम लालू, मोहम्मद सोहेल, जावेद खान, अनूप, राधाकृष्ण मौर्य, अंकित रावत, अर्पित दुबे, ललित रावत, अनिल रावत, अमित अधिवक्ता, रूपचंद रावत, आशीष रावत, गौतम एवं उमेश रावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रधानगणों में राम सिंह प्रधान, नंद किशोर यादव प्रधान, सर्वेश प्रधान, जगरूप प्रधान, धनराज प्रधान, उमेश प्रधान, राजा प्रधान, शादाब पूर्व प्रधान, धर्मेंद्र प्रधान, राम प्रकट प्रधान, सालिकराम प्रधान, राज बहादुर प्रधान, अधिवक्ता आनंद रावत, बलराम रावत, कन्हैया लाल रावत एवं एम. साईं समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, समाजसेवी और पत्रकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

वीरेंद्र रावत के प्रभावशाली मंच संचालन ने बांधा समां

कार्यक्रम का शानदार एवं प्रभावशाली मंच संचालन भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं मेला संरक्षक वीरेंद्र रावत ने किया। अपनी ओजस्वी वाणी, बेहतरीन वाकपटुता और आकर्षक अंदाज से उन्होंने पूरे आयोजन को जीवंत बनाए रखा। मंचासीन अतिथियों का क्रमबद्ध स्वागत एवं सम्मान कर उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कुल मिलाकर बाबा जुगुनू दास मेले में आयोजित कबड्डी महाकुंभ प्रतियोगिता ने न केवल खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को आगे लाने की दिशा में एक सराहनीय मिसाल भी पेश की। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन, दर्शकों के उत्साह और अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति के बीच यह आयोजन यादगार बन गया।

तेलीबाग में परिवार को कार से कुचलने का प्रयास, आरोपी चालक गिरफ्तार; क्रेटा कार बरामद

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग में परिवार के लोगों पर तेज रफ्तार कार चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश के मामले में पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई काले रंग की हुंडई क्रेटा कार भी कब्जे में ले ली है। पुलिस के मुताबिक, 13 नवंबर 2026 को अमन सिंह निवासी वृंदावन योजना, तेलीबाग ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि क्रेटा कार चालक अरमान पुत्र स्वर्गीय गुलाम रब्बानी का उनकी मोटरसाइकिल से टक्कर को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर अमन सिंह, उनके भाई, बहन और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने अपनी क्रेटा कार तेज रफ्तार में परिवार के लोगों की ओर दौड़ाकर उन्हें कुचलने का प्रयास किया। मामले में पुलिस ने मुकदमा संख्या 581/2026 के तहत धारा 109(1), 281, 115(2), 324(4), 351(3) और 352 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया था। जांच और चश्मदीदों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी गुलाम अरमान (33) निवासी तेलीबाग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रामभरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज के गेट के पास तेलीबाग बाजार से करीब 11:45 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर क्रेटा कार बरामद की। पुलिस के अनुसार, आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

खरना के साथ शुरू हुआ करीब 36 घंटे का निर्जला उपवास

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भगवान भाष्कर व प्रकृति उपासना के चार दिवसीय लोकआस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना पर छठी मैया को भोग के साथ व्रतियों का करीब 36 से 40 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। खरना का तात्पर्य शुद्धिकरण से है, मतलब पूरी शुद्धता और सात्विकता के साथ पूरे दिन व्रत रखकर सूर्यास्त के बाद मिट्टी के नए चूल्हे पर चावल-दूध और गुड़ से खीर, रोटी या पूड़ी-पराठा तैयार किया जाता है। व्रती पहले देवी को भोग लगाते हैं, फिर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद प्रसाद का वितरण परिवार के अन्य सदस्यों को किया जाता है। पारिवारिक सदस्यों व इष्ट-मित्रों के साथ हर साल धूमधाम से छठ महापर्व मनाने वाली विभा शर्मा बताती हैं कि इस पर्व को लेकर परिवार में पूरे साल उत्साह रहता है। इस 36 से 40 घंटे के कठिन निर्जला उपवास में भी उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है, क्योंकि जगत को ऊर्जा प्रदान करने वाले सूर्य देव इस दौरान भी ताकत, संयम और धैर्य प्रदान करते हैं। वह बताती हैं कि शनिवार को पूरे दिन व्रत रखकर सूर्यास्त के बाद प्रसाद तैयार किया, छठी मैया की पूजा-अर्चना के साथ देवी को सबसे पहले बनाये गए पकवानों व मौसमी फलों खासकर केला का भोग अर्पण किया। इस दौरान घर में लहसुन-प्याज का इस्तेमाल पूरी तरह वर्जित रहता है। विभा शर्मा बताती हैं कि इस महापर्व पर प्रकृति प्रदत्त मौसमी फलों, खास पकवानों व अन्य सामग्रियों को सजाकर सूप में रखकर रविवार को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही परिवार की खुशहाली, समृद्धि, संतान की लम्बी उम्र, मनोकामना पूर्ण होने और उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रसाद के रूप में इन्हें ग्रहण किया जाएगा। उन्होंने परिवार जनों, सभी दोस्तों और पड़ोसियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये व्रत ही ऐसा है कि लोग तत्परता से आगे आकर मदद करते हैं और साथ में पुण्य के भागी बनते हैं।

फांसी लगाकर किसान ने की आत्महत्या



घटनास्थल पर मौजूद गांव के लोग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में शनिवार सुबह एक किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव गांव से करीब 500 मीटर दूर होरीलाल के आम के बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। आसाराम खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी गंगा देवी, दो बेटे अभिषेक और अमरदीप तथा बेटी अंजली हैं। बताया गया कि करीब छह महीने पहले उनके बड़े बेटे आदित्य की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार अभी इस दुख से उबर भी नहीं पाया था कि आसाराम की मौत ने परिजनों को एक और गहरा सदमा दे दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार। ओर पहुंचे तो पेड़ से आसाराम का शव लटकता देख उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। आसाराम खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी गंगा देवी, दो बेटे अभिषेक और अमरदीप तथा बेटी अंजली हैं। बताया गया कि करीब छह महीने पहले उनके बड़े बेटे आदित्य की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार अभी इस दुख से उबर भी नहीं पाया था कि आसाराम की मौत ने परिजनों को एक और गहरा सदमा दे दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार।

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर मनाया गया लेखपाल स्थापना दिवस

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर शनिवार को लेखपाल स्थापना दिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय मुरारीलाल शर्मा एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया इसके बाद लेखपालों ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान वितरित किया कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि लेखपाल राजस्व व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी होने के साथ शासन और आमजन के बीच विश्वास का मजबूत सेतु ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के रखरखाव, राजस्व कार्यों, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आपदा राहत कार्यों में उनकी अहम भूमिका रहती इस दौरान सभी लेखपालों ने समाजसेवा, जनसेवा, संगठन की एकता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया साथ ही राजस्व संबंधी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया जिलाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह, जिला महामंत्री कुलदीप सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सच्चिदानंद द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री गौरव श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप बाथम सहित बड़ी संख्या में लेखपाल उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक एकता, आपसी सौहार्द और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

कंजाखेरा गांव में लाखों की चोरी, 15 लाख के जेवर और 45 हजार रुपये नकद लेकर फरार हुए चोर

अमन लेखनी समाचार

संवाददाता शुभम सिंह चौहान

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के कंजाखेड़ा गांव में चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी शिवम पटेल पुत्र रमेश कुमार के घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोर घर से करीब 15 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 45 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि वारदात के दौरान घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। चोरों ने बड़ी चालाकी से सभी कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए, ताकि घर के लोग बाहर न निकल सकें और उन्हें चोरी की भनक न लगे। सुबह जब परिवार के सदस्यों ने दरवाजे खोलने का प्रयास किया तो दरवाजे बाहर से बंद मिले। इसके बाद पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजे खुलवाए गए। घर के अंदर का सामान बिखरा देखकर परिवार के होश उड़ गए। जांच करने पर पता चला कि चोर लाखों के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो चुके थे। पीड़ित परिवार के अनुसार, घटना की सूचना तत्काल 112 पर दी गई, लेकिन वहां से उन्हें बंथरा थाने में सूचना देने की बात कही गई। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद भी मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब सवाल यह है कि आखिर क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हैं? घर के सभी सदस्यों को कमरों में बंद कर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम देना सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर चोरी का जल्द खुलासा करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी ई रिक्शा चालक गिरफ्तार

शर्मनाक

अमन लेखनी समाचार



आरोपी गुड्डू रावत

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में अस्थायी झोपड़ी बनाकर रह रहे सिंघाड़ा व्यापारी की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि शुक्रवार दोपहर झोपड़ी में अकेली मौजूद किशोरी को अगवा कर पास की घनी झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया विरोध करने पर आरोपी ने नाबालिग को पीटा बड़ी बहन के मौके पर पहुंचने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप, पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों के मुताबिक, घटना के समय परिवार के सभी सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। किशोरी झोपड़ी में अकेले बर्तन साफ कर रही थी। इसी दौरान आरोपी उसे जबरन अगवा कर कुछ दूरी पर स्थित घनी झाड़ियों में ले गया। कुछ देर बाद किशोरी की बड़ी बहन घर पहुंची तो छोटी बहन को झोपड़ी में न पाकर उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच झाड़ियों से किशोरी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। बड़ी बहन मौके पर पहुंची तो आरोपी उसे गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद किशोरी को धक्का देकर फरार हो गया। घर पहुंचने पर पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता ने रहीमाबाद थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। शनिवार दोपहर करीब दो बजे पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गुड्डू रावत गांव के मंदिर के पास मौजूद है और भागने की फिराक में है। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ई-रिक्शा चालक है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

शादी से पहले युवती को जान से मारने की धमकी, मंगेतर को फोटो भेजकर तुड़वाया रिश्ता

15 नवंबर को होनी थी शादी, युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में शादी से पहले एक युवती को जान से मारने की धमकी देने और उसकी फोटो मंगेतर को भेजकर शादी का रिश्ता तुड़वाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने मंगेतर को फोन कर अभद्रता की और युवती से शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद दोनों परिवारों में दहशत का माहौल है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विमल कुमार के साथ तय हुई थी। शादी की तारीख 15 नवंबर 2026 निर्धारित थी। दोनों परिवारों में विवाह की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। शादी के लिए जरूरी सामान और अन्य खरीदारी भी कर ली गई थी। युवती के मुताबिक, करीब चार वर्ष पहले उसके घर पर छत पड़ने के दौरान माल क्षेत्र के जगदीशपुर बसंतपुर निवासी अभिषेक शटरिंग का काम करने आया था। इसी दौरान किसी तरह उसे युवती का मोबाइल नंबर मिल गया। आरोप है कि इसके बाद वह युवती से बातचीत करने लगा। बाद में उसने युवती की कुछ फोटो उसके मंगेतर विमल कुमार के मोबाइल पर भेज दीं। आरोप है कि बीते 12 नवंबर की रात अभिषेक ने विमल कुमार को फोन कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और युवती से शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उसने युवती के भाई को भी धमकाते हुए कहा कि वह किसी भी कीमत पर उसकी शादी विमल के साथ नहीं होने देगा। आरोप है कि युवक की धमकी और फोटो भेजने की घटना से दोनों परिवारों में डर का माहौल बन गया, जिसके चलते युवती का रिश्ता टूट गया। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभिषेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राइजिंग सन स्कूल में खेल महोत्सव

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। बाल दिवस के अवसर पर राइजिंग सन विजडम स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव ह्यउदया शक्ति 3.0 का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ वॉलीबॉल कबड्डी खो-खो सहित विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए एसीपी मोहनलालगंज राजेश सिंह और थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी नियमित भागीदारी के लिए प्रेरित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य सुप्रीत सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम शिक्षा के साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन विजेता खिलाड़ियों के सम्मान और खेल भावना के संदेश के साथ हुआ।

चोरों ने एक घर को बनाया निशाना, नगदी समेत लाखों का माल किया पार

अमन लेखनी समाचार/शुभम सिंह चौहान

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के कंजाखेड़ा गांव में चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी शिवम पटेल पुत्र रमेश कुमार के घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोर घर से करीब 15 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 45 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि वारदात के दौरान घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। चोरों ने बड़ी चालाकी से सभी कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए, ताकि घर के लोग बाहर न निकल सकें और उन्हें चोरी की भनक न लगे। सुबह जब परिवार के सदस्यों ने दरवाजे खोलने का प्रयास किया तो दरवाजे बाहर से बंद मिले। इसके बाद पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजे खुलवाए गए। घर के अंदर का सामान बिखरा देखकर परिवार के होश उड़ गए। जांच करने पर पता चला कि चोर लाखों के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो चुके थे। पीड़ित परिवार के अनुसार, घटना की सूचना तत्काल 112 पर दी गई, लेकिन वहां से उन्हें बंथरा थाने में सूचना देने की बात कही गई। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद भी मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब सवाल यह है कि आखिर क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हैं? घर के सभी सदस्यों को कमरों में बंद कर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम देना सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर चोरी का जल्द खुलासा करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

संक्षेप

मजदूर का खंती में मिला शव परिजनो में मचा कोहराम

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गिरजा नगर निवासी मनोज कुमार पुत्र रामप्यारे आयु लगभग 38 वर्ष का शव शनिवार घर से करीब 10 किलोमीटर दूर सड़क मार्ग किनारे पानी से भरी खंती में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनोज कुमार जीवकोपार्जन हेतु मजदूरी करता है शुक्रवार को घर से निकला देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर घर वालों ने देर रात तक पता लगाया लेकिन कही नहीं पता चला शनिवार को सुबहग्रामीणों ने शव को खंती में पड़ा देखा तो ग्राम प्रधान चिलौली अनूप बाजपेई को सूचना दिया ग्राम प्रधान ने सड़क किनारे खंती में शव पड़े होने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां युवक का शव पानी में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्डम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मृतक गांव में रहकर मजदूरी करता था। उसके परिवार में पत्नी पुत्रियां प्रीति (14) और कीर्ति (10) तथा पुत्र आरुष (12) और करन (8) हैं। मृतक के बड़े भाई संजय और दिनेश हैं।मनोज की मौत से पत्नी सीता और चारों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव पिता ने जताई हत्या की आशंका

उन्नाव। कोतवाली सदर इलाके में शुक्रवार देर रात रेलवे ट्रैक के पास 29 साल के युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान अंकित सोनी के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने देर रात परिवार को घटना की सूचना दी। शनिवार दोपहर करीब एक बजे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पिता शिव प्रसाद ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार अंकित सोनी मूल रूप से फतेहपुर जिले के रहने वाले थे। वह परिवार के साथ उन्नाव के हनुमान नगर, केवटा तालाब में किराए के मकान में रहते थे।

पिता शिव प्रसाद ने बताया कि अंकित शुक्रवार शाम घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे। देर रात जीआरपी ने सूचना दी कि उनका शव रामपुरी के पास रेलवे ट्रैक के नजदीक मिला है। शव बड़े चौराहे वाले पुल के पास रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला था। पिता के अनुसार घर से निकलते समय अंकित अकेले थे और घर में किसी प्रकार का विवाद या पत्नी से कहासुनी नहीं हुई थी, वह सामान्य तरीके से घर से निकले थे।शिव प्रसाद ने कहा कि शव मिलने की परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें यह मामला सामान्य रेल हादसा नहीं लग रहा है, इसलिए उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर यह पता लगाने की मांग की है कि मौत रेल हादसे में हुई है या हत्या की गई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

जिला अस्पताल में एसडीएम का औचक निरीक्षण, जन औषधि केंद्र में मिली बाहरी दवाएं

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला अस्पताल में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे एसडीएम सदर राजेश विश्वकर्मा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जन औषधि केंद्र में जेनेरिक दवाओं के साथ बाहरी दवाओं का स्टॉक मिला। वहीं अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था में भी कमियां मिलीं। एसडीएम ने कमियां दूर कराने और दवाओं की जांच के निर्देश दिए। एसडीएम ने अस्पताल के वार्ड, लेबर रूम, जन औषधि केंद्र और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वार्ड में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से डॉक्टरों के नियमित आने और इलाज में परेशानी के बारे में पूछा। मरीजों और तीमारदारों ने बताया कि डॉक्टर नियमित रूप से इलाज कर रहे हैं। किसी ने डॉक्टरों के समय पर न देखने या इलाज में लापरवाही की शिकायत नहीं की। लेबर रूम में एसडीएम ने प्रसव के लिए आई महिलाओं के तीमारदारों से पूछा कि उनसे अतिरिक्त शुल्क या लेबर चार्ज तो नहीं लिया जा रहा है। तीमारदारों ने किसी तरह का अतिरिक्त भुगतान लेने से इनकार किया। इसके बाद एसडीएम ने कर्मचारियों से अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जन औषधि केंद्र में कुछ जेनेरिक दवाओं के साथ बाहरी दवाओं का स्टॉक भी मिला। इस पर एसडीएम ने सीएमएस से दवाओं की उपलब्धता और उन्हें रखने के नियमों की जानकारी ली। सीएमएस ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक अस्पताल में उपलब्ध नहीं होने वाली दवाओं के विकल्प के तौर पर जेनेरिक दवाएं रखी जा सकती हैं। उन्होंने इस संबंध में शासनादेश भी दिखाया। एसडीएम ने कहा कि शासनादेश की जांच की जा रही है। जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाओं का पूरा डेटा तैयार कराया जा रहा है। यह भी जांच की जाएगी कि केंद्र में केवल अस्पताल में अनुपलब्ध दवाओं के विकल्प के रूप में ही जेनेरिक दवाएं रखी गई हैं या अन्य दवाएं भी स्टॉक में शामिल हैं। इसके लिए सीएमएस को पूरी रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते समय कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में कमियां मिलीं। इस पर एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सफाईकर्मी मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य में जुट गए। वहीं अस्पताल परिसर में बने निशुल्क पार्किंग स्टैंड पर बाइक खड़ी करने वालों से पर्ची काटकर रुपये वसूलने की शिकायत भी सामने आई। यह शिकायत पत्रकार की ओर से एसडीएम के सामने उठाई गई। इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें पहले इस मामले की जानकारी नहीं थी। अब इसकी जांच कराई जाएगी। निशुल्क पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला अस्पताल में प्रतिदिन किसी न किसी उच्चाधिकारी की निरीक्षण के लिए ड्यूटी लगाई जा रही है। इसका उद्देश्य अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करना और मरीजों को बिना परेशानी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अधिकारियों का निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।

तालाब में युवक का शव मिलने के मामले में तीन पर हत्या का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में मरहला चौराहे के पास विष्णुपुरी तालाब में युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया मृतक के पिता की तहरीर पर शुक्रवार देर रात प्रेमनगर निवासी रितिक, गोलू और सुमित गौतम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 103(1) के तहत केस दर्ज किया गया है। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव तालाब में फेंकने का आरोप लगाया था। प्रेमनगर निवासी रेशु पांडे (28) पुत्र राजेश पांडे गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे घर से निकले थे। बताया गया कि उस समय उनके साथ एक दोस्त भी था। देर रात करीब 10:30 बजे विष्णुपुरी तालाब में एक युवक के डूबने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम ने तलाश शुरू की। करीब 12 से 13 फीट गहरे पानी में जलकुंभी और कचरे के बीच युवक फंसा हुआ था। गोताखोरों ने करीब 15 से 20 मिनट की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। उसकी पहचान रेशु पांडे के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शी अनुज के मुताबिक, उसने युवक को तालाब में डूबते देखा था। उसे बचाने के लिए रस्सी भी फेंकी, लेकिन युवक उसे पकड़ नहीं सका। इसके बाद पुलिस और गोताखोरों को सूचना दी गई। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शाम करीब 5 बजे परिजन शव लेकर गंगाघाट कोतवाली पहुंचे और बाहर रखकर हंगामा किया। इस दौरान मृतक की नेत्रहीन मां बेटे का शव देखकर बिलखती रही। पिता राजेश पांडे ने बताया कि उन्हें बेटे की मौत की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रेशु की मौत डूबने से होने की पुष्टि हुई है। हालांकि परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान रितिक पुत्र रमेश, गोलू पुत्र सुरेश और सुमित गौतम निवासी प्रेमनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अपराध निरीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन अपराध निरीक्षक राकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान विभिन्न समस्याओं को लेकर थाना पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बे से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। अपराध निरीक्षक राकेश कुमार यादव ने प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और उसका निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही संबंधित विभागों के कर्मचारियों से कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। इस अवसर पर पुलिस विभाग, राजस्व विभाग एवं स्थानीय निकाय के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

अरुणि मंथन द्वारा यज्ञशाला में प्रकट हुई यज्ञाग्नि, जयकारों से गूंजा पावन धाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी बीर बाबा मंदिर प्रांगण में चल रहे नवदिवसीय 11 वें हनुमत रुद्र महायज्ञ एवं मानस वेदांत संत सम्मेलन के तीसरे दिन यज्ञशाला में आचार्यों ने अरुणि मंथन के माध्यम से अग्नि प्रकट की। अयोध्या से आए यज्ञाचार्य कुलदीप शास्त्री व वेदपाठी ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रों द्वारा अग्नि देव का आह्वान करते हुए यजमानों के द्वारा अरुणि मंथन करवाई। कुछ ही देर में मंथन से यज्ञशाला में अग्नि प्रकट हुई। अग्नि के प्रकट होते ही भक्तों ने जयकारे लगाए। यज्ञशाला में अग्नि प्रकट होते ही विधिवत मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ प्रारंभ हो गया। क्षेत्र के महिला-पुरुषों ने यज्ञ पुरुष भगवान के जयकारे लगाते हुए यज्ञशाला की परिक्रमा की वहीं महायज्ञ के दौरान चल रही रामकथा के तीसरे दिन चित्रकूट से आए व्यास आचार्य ज्ञानेश जी ने शिव महिमा का बखान करते हुए बताया कि शिव जी त्रिलोक के स्वामी होते हुए भी नंदी की सवारी करते हैं, सिर्फ व्याघ्र चर्म धारण करते हैं और श्मशान को अपना घर बनाते हैं, अर्थात त्याग और सादगी में ही सच्चा सुख है। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि ईश्वर मंदिर में ही नहीं कण-कण में है। अगर आप सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करते हैं तो उनको कहीं भी सहज रूप से पा सकते हैं। भगवत प्रेमियों से व्यास जी ने कहा कि माया, मोह, दंभ, पाखंड, अहंकार, आसक्ति को त्याग कर ही ईश्वर की प्राप्ति की जा सकती है, उक्त विकार मनुष्य के विनाश का कारण बनते हैं।

इस दौरान कृपा शंकर बाजपेई, राजेश बाजपेई, सुधांशु शुक्ल, रामू मिश्र, प्रेम शुक्ल, चंदन, ऋषभ त्रिपाठी, श्याम जी, पवन जी, राहुल सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन मोहान मार्ग पर शनिवार दोपहर 2 बजे अजगैन के धारा खेड़ा गांव की पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोट झलोत्तर गांव निवासी प्रेम शंकर (35) पुत्र स्व राजकुमार शनिवार दोपहर बाइक से अजगैन जाने के लिए निकला था। अजगैन मोहान मार्ग पर धारा खेड़ा गांव के पास आगे चल रहा ट्रैक्टर एक फैक्ट्री में जाने के लिए अचानक मुड़ गया जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर ट्राली में घुस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन एम्बुलेंस से सीएचसी लेकर आये जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई प्रेमचंद ने बताया कि प्रेमशंकर सैलून की दुकान पर काम करता था वह अजगैन के सरोसा गांव से मां को लेने जा रहा था। बेटे की मौत से मां सरला पत्नी रेनू व एक साल की बेटी पीहू बेहाल हैं। अजगैन कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि बाइक चालक ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से अनियंत्रित होकर घुस गया था जिससे उसकी मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पत्नी रेनू ने चालक व मालिक को नामजद करते हुए तहरीर दी है।मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

हरदोई-उन्नाव मुख्य मार्ग पर लग रहा भीषण जाम, घंटों रेंगते रहे वाहन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के प्रमुख हरदोई-उन्नाव मुख्य मार्ग पर इन दिनों लगने वाले भीषण जाम ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि राहगीरों और वाहन चालकों को कुछ ही दूरी तय करने में काफी समय लग जाता है। मुख्य मार्ग से होकर गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। जाम की सबसे अधिक मार स्कूली बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों और रोजमर्रा के कामकाज के लिए घरों से निकलने वाले लोगों को झेलनी पड़ रही है। स्कूल जाने और छुट्टी के बाद घर लौटने वाले बच्चों को भी जाम के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, अस्पताल और चिकित्सकों के यहां उपचार के लिए जाने वाले मरीजों तथा उनके तीमारदारों को भी समय से पहुंचने में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को ले जाने वाले वाहनों के लिए भी जाम परेशानी का कारण बन रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हरदोई-उन्नाव मुख्य मार्ग नगर का एक प्रमुख आवागमन मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी इंतजाम दिखाई नहीं देते। सड़क पर वाहनों की अधिकता और जाम की स्थिति के चलते राहगीरों को काफी देर तक फंसे रहना पड़ता है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए मुख्य मार्ग पर नियमित यातायात प्रबंधन, आवश्यकतानुसार पुलिसकर्मियों की तैनाती तथा जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रभावी व्यवस्था किए जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन नगरवासियों की इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हैं और हरदोई-उन्नाव मुख्य मार्ग को जाम से मुक्त कराने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

नाना के घर आए युवक का नीम के पेड़ से लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के उस्मानपुर अपने ननिहाल आए 20 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रिश्तेदारों की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।प्राप्त जानकारी अनुसार सुमित पुत्र निवासी ग्राम हसनखेड़ा अपने ननिहाल उतमानपुर महादीन के यहां आया था। जहां अपने नाना महादीन के गोंडे के समीप खड़ी नीम के पेड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। नाना की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आपको बता दें कि मृतक अपने परिवार समेत गैर प्रान्त चण्डीगढ़ में रहकर मजदूरी करता था।जो दीपावली के पर अपने गांव आया था। जिसके बाद अपने ननिहाल घूमने आया था।

गार्गी देवी मंदिर में विशाल दुर्गा जागरण का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गाँव किशुनपुर टंडवा स्थित गार्गी देवी मन्दिर में विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन शुक्रवार रात किया गया। जिसमें बृजराज जागरण पार्टी द्वारा प्रस्तुत देवी गीतों पर रात भर उपस्थित भक्तगण नाचते गाते रहे। गांव के मिश्रा परिवार की आराध्य देवी गार्गी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित जगराते में गायिका मुस्कान कानपुरी के गीत शेर पे सवार होके आ जा शेरावालिये पर भक्त आनन्दित हुए और तालियों से गायिका का हौसला बढ़ाया। इसी तरह जागरण पार्टी के गायक धनंजय, दीपक, विनीत तथा कंचन के गीत भी खूब सराहे गए। इस मौके पर राजकुमार मिश्रा सुधीर उर्फ रानू मिश्रा, मुखिया , अनुराग मिश्रा आदि ने देवी झांकी का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई और प्रातः काल आरती के बाद दर्शकों श्रोताओं को प्रसाद वितरण कराया।

तहसील प्रशासन ने तालाब व खलिहान की 0.174 हेक्टेयर भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह के निर्देशन में तहसील प्रशासन ने आज बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम समाज की बेशकीमती भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया।

एसडीएम दिग्विजय सिंह द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद से ही तहसील क्षेत्र में सरकारी व ग्राम समाज की भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लगातार सख्त व प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। उनके कुशल निर्देशन और त्वरित निर्णय क्षमता से राजस्व टीम को नई ऊर्जा मिली है, जिसके परिणामस्वरूप लंबे समय से लंबित अतिक्रमण के मामलों का तेजी से निस्तारण हो रहा है। क्षेत्र में आम जनमानस द्वारा उनकी कार्यशैली की सराहना की जा रही है।

शासन के निदेशों के क्रम में सार्वजनिक एवं ग्राम समाज की भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के विशेष अभियान के तहत तहसील पुरवा अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर खुर्द मजरा मवई, परगना मौरावां में तालाब एवं खलिहान की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। उक्त प्रकरण में पूर्व में राजस्व टीम द्वारा मौके पर स्थलीय पैमाइश कर अतिक्रमण चिन्हांकित किया गया था तथा संबंधित अतिक्रमणकारियों को दिनांक 12.11.2026 को अपना अवैध अतिक्रमण स्वयं हटा लेने हेतु नोटिस निर्गत किया गया था। निर्धारित अवधि में अतिक्रमण न हटाए जाने पर एसडीएम दिग्विजय सिंह के निर्देशन में नायब तहसीलदार कृष्णानंद बाजपेयी एवं नायब तहसीलदार भारत सिंह की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक शिवपाल, बृजेश तथा लेखपाल मनीष कुमार यादव, मोहन गुप्ता, नंदलाल एवं सूर्यप्रताप की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।कार्यवाही के दौरान राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज गाटा संख्या 3318 कुल रकबा 0.860 हेक्टेयर में से मुकेश पुत्र रामनरेश - 0.030 हेक्टेयर, धर्मेन्द्र पुत्र रामदास - 0.036 हेक्टेयर, रामकिशोर पुत्र भीखू - 0.026 हेक्टेयर, राजेश पुत्र सिद्धिनाथ - 0.024 हेक्टेयर तथा पिन्टू पुत्र चेतन - 0.045 हेक्टेयर के अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ ही खलिहान के रूप में दर्ज गाटा संख्या 3330 में 0.013 हेक्टेयर भूमि पर हरिकेश पुत्र रामेश्वर द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया गया।इस प्रकार कुल 0.174 हेक्टेयर (तालाब की 0.161 हेक्टेयर + खलिहान की 0.013 हेक्टेयर) सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की गंगा सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम उन्नाव मे जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विद्यालायों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खूब तालिया बटोरी। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गए। बालिका वर्ग की 1600,मीटर की दौड़ मे रचना प्रथम , खुशी दूसरा व पूजा तीसरे स्थान पर रही। जबकि बालक वर्ग मे सुधीर प्रथम , आनंद द्वतीय, व अंशुल तृतीय स्थान पर रहै।कबड्डी मे सुभाष अस्वनी व रंजीत की टीम ने बाजी मारी। मुख्य अतिथि डाक्टर रचना त्रिवेदी ने विजेता छात्र, छात्राओ को पुरुष्कार वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन अनुज यादव ब डाक्टर मजहबी खान, प्रमोद कुमार, ने किया इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार, अविनाश चंद्र, सुरेश कुमार, बीट प्रभारी अनुज कुमार, गिरीश चंद्र ,सुरेन्द्र कुमार आध8 मौजूद रहे।

युवक ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में शनिवार सुबह एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के समय वह घर पर अकेला था। दोपहर करीब एक बजे घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में दी गई।जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान पुनीत कुमार पुत्र रामदुलारे के रूप में हुई है, जो इलेक्ट्रॉनिक का काम करता था। बताया गया कि उसकी करीब पांच महीने पहले रश्मि से शादी हुई थी। भाई दूज पर वह पत्नी को उसके मायके छोड़कर आया था, जिसके बाद से वह घर पर अकेला रह रहा था।परिजनों के मुताबिक शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।थाना प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जानकारी जुटाई जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कहीं स्वच्छता का संकल्प, कहीं एकता की शपथ; नो बैग डे और बाल दिवस पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के रनियामऊ/करीमाबाद। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों और रचनात्मक गतिविधियों के जरिए बच्चों के सर्वांगीण विकास की तस्वीर देखने को मिली। कंपोजिट विद्यालय रनियामऊ में नो बैग डे के अवसर पर शिक्षक अमित तिवारी की पहल पर निबंध एवं कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमाबाद में शिक्षक संजीव संखवार ने बाल दिवस को उत्साहपूर्वक मनाते हुए बच्चों को एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

कंपोजिट विद्यालय रनियामऊ में 'स्वच्छ बचपन, स्वच्छ भारत' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने अपनी लेखनी के माध्यम से स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सामाजिक सहभागिता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कला प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।शिक्षक अमित तिवारी ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों में बचपन से स्वच्छता की आदत विकसित करना जरूरी है, क्योंकि जागरूक बच्चे ही स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।खंड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान सभी विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। जनजागरूकता से ही स्वच्छता की अलख जगाई जा सकती है। इस दिशा में बच्चों की सहभागिता समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम है।प्रतियोगिता के परिणाम में निबंध लेखन में कक्षा आठ की छाया प्रथम और कक्षा सात की अंबिका द्वितीय रहीं। वहीं कला प्रतियोगिता में कक्षा पांच की राधिका ने प्रथम तथा इसी कक्षा की प्रियांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उधर, उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमाबाद में शिक्षक संजीव संखवार ने बाल दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को मिष्ठान वितरित कर आपसी प्रेम, भाईचारे और मिलजुलकर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी ली।दोनों विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों ने यह संदेश दिया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी, देशप्रेम और एकता जैसे जीवन मूल्यों का विकास करना भी है।

सम्पादकीय

अच्छी सड़कों के बाद अब हादसों पर लगाम जरूरी



मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

सड़कों का विकास किसी भी देश की आर्थिक प्रगति और आधुनिक बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण पैमाना है। बेहतर सड़कें आवागमन आसान बनाती हैं, समय और ईंधन बचाती हैं तथा कारोबार को गति देती हैं, लेकिन इनका वास्तविक लाभ तभी है, जब सफर सुरक्षित भी हो। देश में एक्सप्रेसवे, रेलवे और चौड़ी सड़कों का जाल बिछाने के साथ अब सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाना भी उतना ही जरूरी हो गया है। अलवर के कांजीरंगा में मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने टक्कर में विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मौत इसी गंभीर चुनौती को याद दिलाती है। इस हादसे में करीब 23 लोगों की मौत हो गई है, लेकिन यह तथ्य चिंताजनक है कि दुर्घटनाग्रस्त मिनी बस के पहले ही 12 चालान कट चुके थे। सवाल है कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाला वाहन सड़कों पर बेखौफ कैसे दौड़ता रहा? केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़े देश में सड़क सुरक्षा की भयावह तस्वीर पेश करते हैं। संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में देश में 5,13,563 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,83,382 लोगों की जान चली गई। यानी हर दिन औसतन 500 से अधिक लोग सड़क हादसों में दम तोड़ रहे हैं। हर साल 4.71 लाख से अधिक लोगों का घायल होना भी बताता है कि सड़क दुर्घटनाएं कितने बड़े सामाजिक और आर्थिक संकट का रूप ले चुकी हैं। इन हादसों के पीछे सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार है। आंकड़ों के मुताबिक, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में करीब 70.3 प्रतिशत हिस्सेदारी ओवरस्पीड की है। गलत दिशा में वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और हेलमेट या सीटबेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना भी जानलेवा साबित हो रहा है। हादसों में मरने वालों में 66 प्रतिशत से अधिक युवा हैं। दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों में 46.2 प्रतिशत हिस्सेदारी दोपहिया वाहन चालकों की है। स्पष्ट है कि सड़क पर सबसे ज्यादा जोखिम उन लोगों को उठाना पड़ रहा है, जिनके पास सुरक्षा के साधन भी सीमित हैं। सड़क सुरक्षा की समस्या का समाधान केवल नए हाइवे बनाने या दुर्घटना के बाद मुआवजा देने से नहीं होगा। इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। बार-बार नियम तोड़ने वाले चालकों के लाइसेंस निलंबित करने, वाहनों के परमिट रद्द करने और उनकी फिटनेस की अनिवार्य जांच जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए कैमरे, स्पीड गन और तकनीक आधारित निगरानी का दायरा बढ़ाना होगा। इसके साथ ही सड़क इंजीनियरिंग की खामियों को दूर करना, ब्लैक स्पॉट चिह्नित करना, पर्याप्त संकेतक लगाना और दोपहिया चालकों के लिए सुरक्षित लेन जैसी व्यवस्थाएं भी जरूरी हैं। दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस, प्रशिक्षित बचाव दल और ट्रॉमा सेंटर की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। सड़क सुरक्षा केवल सरकार या यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। वाहन चालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हेलमेट और सीटबेल्ट का इस्तेमाल, निर्धारित गति सीमा का पालन और नशे में वाहन न चलाने जैसी सावधानियां जीवन बचा सकती हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सड़क सुरक्षा को जागरूकता अभियान तक सीमित रखने के बजाय व्यवहार का हिस्सा बनाने की जरूरत है। विकसित भारत का सपना तभी सार्थक होगा, जब सड़कें केवल तेज रफ्तार और सुविधाजनक सफर का माध्यम नहीं, बल्कि सुरक्षित यात्रा की गारंटी भी बनें।

> पिछले कुछ महीनों में विश्व राजनीति के समीकरण तेजी से बदले हैं। इनमें भारत की भूमिका महत्वपूर्ण और दुनिया के लिए विश्वसनीय बन रही है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या आने वाले वक्त में भारत की वैश्विक शक्ति बनने की आकांक्षा पूरी हो पाएगी, ऐसे में जब देश के सामने आर्थिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक चुनौतियों का भी प्रभावी समाधान करने की चुनौती होगी? भारत के लिए आजादी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के वीटो पावर के अधिकार के लिए कुछ देशों को छोड़, भारत के लिए स्थायी सदस्यता पर सहमति बनी है। यही नहीं, चीन और अमेरिका ने भी भारत को स्थायी सदस्यता देने में कोई रोड़ा खड़ा नहीं किया है।

वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ते कदम

पिछले कुछ महीनों में विश्व राजनीति के समीकरण तेजी से बदले हैं। इनमें भारत की भूमिका महत्वपूर्ण और दुनिया के लिए विश्वसनीय बन रही है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या आने वाले वक्त में भारत की वैश्विक शक्ति बनने की आकांक्षा पूरी हो पाएगी, ऐसे में जब देश के सामने आर्थिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक चुनौतियों का भी प्रभावी समाधान करने की चुनौती होगी? भारत के लिए आजादी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के वीटो पावर के अधिकार के लिए कुछ देशों को छोड़, भारत के लिए स्थायी सदस्यता पर सहमति क्यों है। यही नहीं, चीन और अमेरिका ने भी भारत को स्थायी सदस्यता देने में कोई रोड़ा खड़ा नहीं किया है। दुनिया इस समय ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जिसमें पुरानी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की सीमाएं स्पष्ट दिखाई देने लगी हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका-चीन के बीच राजनीतिक रणनीति, वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद और तकनीकी वर्चस्व की होड़ ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को जटिल बना दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित वैश्विक संस्थाएं भी बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने में कठिनाई महसूस कर रही हैं। ऐसे समय में भारत के सामने अवसर भी हैं और जिम्मेदारियां भी। सवाल महज यह नहीं है कि भारत विश्व की प्रमुख तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा कि नहीं, बल्कि यह भी है कि वह अंतरराष्ट्रीय निर्णय प्रक्रिया को अधिक महत्वपूर्ण और न्यायपूर्ण संतुलित बनाने में प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? पिछले दस सालों में भारत जिस तरह से दुनिया के लिए विश्वसनीय देश बनकर उभरा है, उसमें वैश्विक भूमिका निभाने के अवसर अब साफ-साफ दिखाई देने लगे हैं। पिछले दिनों घटनाक्रमों के वैश्विक घटनाक्रम पर नजर दौड़ाएं तो साफ दिखाई दे रहा है कि भारत की भूमिका दुनिया में सबसे सशक्त और निष्पक्ष बात करने वाले देश के रूप में हर मंच पर स्वीकार की जा रही है। वह चाहे ब्रिक्स हो, संयुक्त राष्ट्र संघ हो या अन्य कोई संस्था हो। भारत ने वैश्विक मंच पर जिस तरह से एक जिम्मेदार और सबको साथ लेकर चलने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है, उससे दुनिया के देश भारत को एक नेतृत्वकर्ता शक्ति सम्पन्न देश के रूप में सम्मान देने लगे हैं। यही वजह है अमेरिका, चीन, सऊदी अरब जैसे देश भारत के बढ़ते प्रभाव से बेचैन दिखते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी को विश्व के अधिकांश देशों का समर्थन यह बताता है कि भारत वह भारत नहीं रहा जो तीन-चार दशक पहले था। आज भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति अभियानों में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता होने के कारण दुनिया बेहद आशापूर्ण नजरों से देख रही है। वहीं, दूसरी तरफ भारत के सामने आंतरिक चुनौतियां कम नहीं हैं। ये चुनौतियां ऐसी हैं जिसका समाधान जमीनी स्तर पर नहीं किया गया तो कई और बेहद गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। यानी सरकार के सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक वैश्विक मंच पर अपनी बेहतर भूमिका और जिम्मेदारी के तहत अपनी छवि को चमकदार रखना और दूसरी देशविरोधी



ताकतों को उभरने से रोकना और विकास दर को लगातार बढ़ाते रहना व सामप्रदायिक सद्भाव को हर कीमत पर बनाए रखना। सितंबर 2026 में नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता की चर्चा को केंद्र में रखा। भारत के लिए ब्रिक्स महज आर्थिक मदद का मंच नहीं, बल्कि विकासशील देशों की समस्याओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का बेहतरीन अवसर भी है। खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, विकास वित्त और तकनीकी असमानता ऐसे विषय हैं, जिन पर भारत प्रभावी ढंग से पहल कर सकता है। इसके माध्यम से पश्चिम एशिया के बढ़ते घटनाक्रम को किसी नकारात्मक परिणाम पर पहुंचने से रोकने की जो कवायदें की गई, उससे ब्रिक्स की अहमियत सारी दुनिया ने अनुभव किया। भारत जिस तरह से ब्रिक्स के माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से रखता रहा है, उससे साफ है कि सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर, वह चाहे जलवायु परिवर्तन हो या ग्रीन हाउस गैसों की कटौती का मामला हो, अमेरिका के दबाव में आने वाला नहीं है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता खास महत्व रखती है। अमेरिका के साथ भारत के रक्षा, तकनीक और व्यापारिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। रूस के साथ ऐतिहासिक रक्षा सहयोग और ऊर्जा संबंध है। चीन के साथ सीमा विवाद तथा आर्थिक प्रतिस्पर्धा की परिस्थितियां हैं। यूरोपीय देशों के साथ निवेश और तकनीकी सहयोग की संभावनाएं हैं। वहीं पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों के हितों से जुड़ा हुआ है। ऐसी परिस्थितियों में भारत को किसी एक शक्ति के प्रभाव में आए बिना अपने राष्ट्रीय हितों के बारे में निर्णय लेने होंगे। लेकिन वैश्विक प्रतिष्ठा का मूल्यांकन महज विदेश नीति से नहीं होता। देश की आंतरिक आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित करती है। भारत की अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे, डिजिटल भुगतान, परिवहन, आंतरिक अनुसंधान और विनिर्माण के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। इसके बावजूद विकास का फायदा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना बहुत बड़ी चुनौती है। सरकार के सामने महंगाई और रोजगार के अलावा स्वास्थ्य ऐसे बड़े सवाल हैं जिनका सीधा संबंध आम आदमी से है। सितंबर 2026 में भारत की खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत दर्ज की गई थी, जबकि खाद्य महंगाई दर 7.74 प्रतिशत रही। अक्टूबर के लिए अर्थशास्त्रियों के सर्वेक्षण में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पहुंच गई। इसकी वजह खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि, निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों को प्रभावित करती है। इसलिए आर्थिक विकास के साथ महंगाई पर नियंत्रण और रोजमर्रा की वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसी तरह रोजगार के मोर्चे पर भी विकास की गुणवत्ता का सवाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। 10 नवंबर 2026 को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार बेरोजगारी दर में मामूली घटकर 5.1 दर्ज की गई। यदि हम देश के सामने चुनौतियों पर समग्र रूप से नजर डालें तो रोजगार में गिरावट, महंगाई दर में बढ़ोत्तरी, स्वास्थ्य सेवा-क्षेत्र में नकली दवाइयों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याएं और मौतों का बढ़ता आंकड़ा और जलवायु परिवर्तन की वजह से कृषि क्षेत्र में बढ़ती तमाम तरह की चुनौतियां, यह स्पष्ट करती हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों को और भी कारगर कदम उठाने होंगे जिससे आंतरिक चुनौतियों से निपटा जा सके। अभी केंद्र सरकार के सभी फैसले जनहित में रहे हैं, लेकिन और भी बेहतर करने की जरूरत है जिससे सब का साथ, सब का विश्वास, सब का प्रयास और सब का विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्पष्ट दिखाई दे।

बाल दिवस विशेष

रोहित कौशिक



बचपन बचाने की सतही चिंता

बच्चे किसी भी समाज या राष्ट्र का भविष्य होते हैं। भारत वर्ष में बच्चों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हमारे देश का दुर्भाग्य यही है कि यहां बचपन बचाने की चिन्ता मात्र खोखले आडम्बरों के दायरे में ही सिमट कर रह गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि व्यावसायिकता से परिपूर्ण एवं भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में सम्पूर्ण वर्ष हमें बच्चों का ख्याल ही नहीं आता है और बचपन बचाने की चिन्ता का यह पिटारा बाल-दिवस के आस्पास खुलता है। इसके बाद समाज का बुद्धिजीवी वर्ग सक्रिय हो उठता है और उसे यह चिन्ता सताने लगती है कि आज बच्चों का बचपन कैसे बचाया जाए। यदि मात्र बाल दिवस पर परिचर्चाएं एवं गोष्ठियां आयोजित कर पूरे वर्ष चुप बैठने से ही इस प्रश्न का हल ढूंढा जा सकता तो अब तक बच्चों के बचपन पर छाई धुन्ध हट गई होती। यह विडंबनापूर्ण ही है कि आज बच्चों के बचपन पर छाई धुंध और गहराती जा रही है। आज एक ओर विभिन्न चैनलों द्वारा टीवी पर परोसी जा रही अश्लीलता से बच्चों का बचपन असुरक्षित होता जा रहा है तो वहीं हिंसापूर्ण फिल्में बाल भावनाओं को विकृत कर रही हैं। कहीं बस्तों के बोझ से बच्चों का बचपन दब गया है तो कहीं शिक्षा के अभाव में बच्चे दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। एक ओर बच्चे मानवीय अत्याचार से पीड़ित हैं तो दूसरी ओर पारिवारिक विघटन का असर बच्चों पर पड़ रहा है। अशान्तरूप परिणाम न मिलने के कारण माता-पिता के डर से अनेक बच्चे आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाते हैं। इस तरह की अनेक घटनाएं अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं। आज बच्चों के बचपन से सम्बन्धित ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गम्भीरता के साथ पुनर्विचार की आवश्यकता है। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सस्पेंस ,थ्रिलर, हॉरर शो और सोप ओपेरा देखने वाले बच्चे जटिल मनोवैज्ञानिक समस्याओं से प्रभावित हो जाते हैं। आज यह भी देखने में आ रहा है कि हम अक्सर बच्चों के मनोविज्ञान को समझे बिना अपनी इच्छाएं उन पर थोप देते हैं। ऐसे में बच्चे जिस अन्तर्द्वन्द्व की अवस्था से गुजरते हैं, वह अन्ततः अनेक समस्याओं को जन्म देता है। यदि बच्चों की इच्छाओं के समक्ष छूटने रोक दिए जाएंगे तो उनके और अधिक जिद्दी बनने और गलत रास्ते पर चलने की सम्भावना बढ़ जाएगी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम बच्चों की इच्छाओं को कोई महत्व ही न दें।

अक्सर होता यह है कि हम शुरू में बच्चे को बहुत अधिक प्यार करते हैं। ऐसे में माता-पिता से बच्चे की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं। अपनी इन्हीं अपेक्षाओं के अनुरूप जब बच्चा अपनी इच्छाएं माता-पिता से बताता है तो वे उसे डांट-फटकार कर चुप कर देते हैं। माता-पिता का यह व्यवहार ही बच्चों को विद्रोही एवं चिड़चिड़ा बना देता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रारम्भ से ही बच्चों के साथ एक संतुलित रवैया अपनाएं। बच्चों को ठीक ढंग से समझने के लिए हमें अपने अंदर एक मनोवैज्ञानिक दृष्टि भी विकसित करनी होगी। हमें कोशिश करनी होगी कि हम बच्चों को विश्वास में ले सकें। अक्सर यह देखने में आया है कि माता-पिता स्वयं जिस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाते हैं वे उस लक्ष्य तक अपने बच्चों को पहुंचाने की कोशिश करते हैं। वे इस जुनून में यह भी परवाह नहीं करते कि वास्तव में बच्चे की अपनी इच्छा क्या है? वे यह भी जानने की कोशिश नहीं करते कि बच्चे में उस लक्ष्य तक पहुंचने की क्षमता है भी या नहीं। निश्चित रूप से बच्चे के उज्जवल भविष्य का स्वप्न देखना और उस स्वप्न को साकार करने का प्रयास करना गलत नहीं है, लेकिन यह सब यथार्थ के धरातल पर होना चाहिए। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-2 कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। बच्चों को आया या नौकर के सहारे छोड़ दिया जाता है। व्यावसायिकता के इस दौर में किड गार्डन संस्कृति भी खूब फल-फूल रही है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं लेकिन समस्या तब आती है, जब अत्यधिक व्यवस्ता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। कुछ मामलों में तो पति और पत्नी दोनों का काम पर जाना मजबूरी होती है लेकिन महानगरों में दोनों ही अपनी अलग-अलग जिन्दगी जीना चाहते हैं।

असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है



संकलित
दर्शन

मनकापा औरत हर पल आत्मतृप्ति में रहो। वे तनिक भी असंतुलित नहीं होते। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और दृष्टि से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा प्यार होता है, तो हम उसके हर कार्य में कौशल ही देखते हैं। दुःख होने पर हम सहानुभूति और दोनों को ही खोजते हैं। आनंदित होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह द्वंद्वात्मक दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती है, तब वह व्यक्ति विकार ग्रस्त और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मन स्थिति में निर्णय लेने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ से श्रीभरत के अंदर तब इस विकृति को प्रकाशित स्वीकारी, जब श्रीभरत मनोहर की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और श्रीगुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मनोभावना हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को लौटाना आकर श्रीअयोध्यासिंहासन पर बैठें ले राज्य का कार्य संभाल लूंगा तब श्रीगुरुदेव ने भावी भरत से यही कहा कि समुद्रान (ज्ञानद) के रूप में तुम्हारे अंदर विचारिता के गुण हैं, तत्त्व (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भरत हैं, जिन्होंने अपनी जमीन, कानून, और करनी का बोध मनकापा के चरणों में अर्पित कर दिया। गुरु वशिष्ठ ने कहा कि भरत! तुम्हारे जीवन में तो धर्मसार है। भरत में यदि विकृति मात्र भी मैं होता तो ये लोक, वेद, राजनीति या साधुसंगति में से किसी एक का संकल्प अपने स्वाभिमान के नाम पर अपनी स्थापना कर देते।

ईर्ष्यालु किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि रास्ते में उसकी भेंट बाबा जी से हो गई। बाबा ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहना! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'महाराज! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही हैं कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे जबसे यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ को ठीक मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके मुंह में कूबड़ निकल आए।' बाबा जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहना, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा?' वृद्धा बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' बाबा जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसको हाथ आए अवसर को दूसरों के कुत्सित्त के रूप में ही भुनाने का संकल्प लिया। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का संकल्प पूरा करने का उसका कोई इरादा नहीं था।

लखनऊ में अस्पतालो की बढ़ती भीड़ में इंसान अपनी जिंदगी की सुरक्षा किसके भरोसे छोड़े,एक बड़ा सवाल?



हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में निजी अस्पतालों की बढ़ती संख्या के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ट्रामा सेंटर,क्लीनिक और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है।कहीं बड़े-बड़े बोर्ड और बेहतर इलाज के दावे हैं,तो कहीं अंदर बदहाल व्यवस्थाएं,टूटे बेड,गंदगी का अंबार और कथित तौर पर बिना पर्याप्त चिकित्सकीय योग्यता वाले लोगों के हाथों मरीजों की जिंदगी का सौदा हो रहा है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इन अस्पतालों की निगरानी की जिम्मेदारी निभाने वाला स्वास्थ्य विभाग कहां है?

ताजा मामला एक दस वर्षीय मासूम की मौत से जुड़ा है।बुखार आने पर परिजनों ने बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।अस्पताल संचालक के अनुसार,निजी पैथोलॉजी से कराई गई जांच में बच्चे के शरीर में खून की कमी और प्लेटलेट्स करीब 80 हजार बताई गईं।इसके बाद भी बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती चली गई।उसे ऑक्सीजन लगाई गई और स्थिति गंभीर होने पर वेंटिलेटर की जरूरत महसूस हुई।लेकिन अस्पताल में वेंटिलेटर की व्यवस्था नहीं थी।ऐसे में समय रहते उसे किसी दूसरे सक्षम अस्पताल में क्यों नहीं भेजा गया,यह एक बड़ा सवाल है।आखिर किस मजबूरी में मासूम की बिगड़ती हालत के बीच उसे वहीं रखा गया? क्या बेहतर इलाज की व्यवस्था नहीं थी? क्या समय पर रेफर करने में देरी हुई या इसके पीछे कोई दूसरी वजह थी? इन सवालों का जवाब जांच के बाद ही सामने आएगा।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया।लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने तक एक परिवार की दुनिया उजड़ चुकी है।जिस घर में कभी तीन बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं,वहां अब हमेशा के लिए सन्नाटा पसरा है।यह मामला किसी एक अस्पताल या पैथोलॉजी पर आरोप लगाने का नहीं,बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र से जवाब मांगने का है।आखिर अस्पतालों को मान्यता और संचालन की अनुमति देने के बाद उनकी नियमित जांच कौन करता है? क्या मरीजों को भर्ती करने से पहले अस्पताल की सुविधाओं,डॉक्टरों की योग्यता,आपातकालीन उपकरणों और रेफरल व्यवस्था की जांच नहीं होनी चाहिए? क्या केवल अस्पताल के बाहर चमकता बोर्ड लगाकर लोगों को बेहतर इलाज का भरोसा दिया जा सकता है? स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों पर अस्पतालों का पंजीकरण करने तक सीमित नहीं हो सकती।उसे यह भी देखना होगा कि जिन अस्पतालों में लोगों की जिंदगी सौंपी जा रही है,वहां इलाज के लिए जरूरी संसाधन और योग्य चिकित्सक मौजूद हैं या नहीं।एक मासूम की मौत के बाद जांच शुरू होना जरूरी है,लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है कि ऐसी नौबत दोबारा न आए।क्योंकि किसी परिवार के लिए उसका बच्चा महज एक मरीज नहीं,बल्कि उसकी पूरी दुनिया होता है।सवाल आज भी वही है? क्या स्वास्थ्य विभाग किसी और मासूम की सांसें थमने का इंतजार कर रहा है या अब जागकर अपनी जिम्मेदारी निभाएगा? आखिर अस्पतालों की बढ़ती भीड़ में आम आदमी अपनी जिंदगी की सुरक्षा किसके भरोसे छोड़े? पूरी घटना में किसी अस्पताल के कार्य पर आरोप लगाना या उसकी सत्यता जांचना ये विभाग का काम है ,हमारा नहीं।घटना मन के विचारों पर है।सत्य असत्य की जांच के बाद ही साबित होगा कि लापरवाही कहाँ और किससे हुई।

(लेखक- केशरी राव धारा सिंह यादव वरिष्ठ पत्रकार हैं)

करंट अफेयर

हुआंग की ताइवान में छवि धूमिल, लोकप्रियता भी घटी

एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग अपने जन्मस्थान ताइवान में किसी रॉक स्टार की तरह लोकप्रिय थे। हालांकि, एक कथित चीनी एजेंट के साथ उनके प्रेम संबंधों की अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) द्वारा जांच शुरू किए जाने के बाद उनकी यह छवि धूमिल हो गई है। दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह ताइवान में भी हुआंग और एलिस हुआंग नाम की एक चीनी कारोबारी महिला के संबंधों को लेकर सामने आए विवाद से लोग हैरान हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कांथित तौर पर एलिस को चीनी जासूस बताया है।



ऑफ बीट

बच्चे को नुकसान पहुंचाने के डरावने विचार आना सामान्य

माता-पिता बनने की खबर दोस्तों और परिवार को देते ही आपको उनकी ओर से ढेरों सलाह मिलने लग जाती हैं। हर कोई बताने लगता है कि बच्चे की देखभाल कैसे करनी है, किन बातों का ध्यान रखना है और क्या करना चाहिए। लेकिन इस दौरान होने वाले एक ऐसे आम अनुभव के बारे में शायद ही कोई बात करता है, जिसका असर माता-पिता की मानसिक सेहत पर लंबे समय तक रह सकता है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'पेरिनेटल इंट्रूसिव थॉट' (प्रसवकालीन अनचाहे विचार) कहा जाता है



महापर्व 'छठ पूजा'



लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' का पहला अनुष्ठान 'नहाय-खाय', शरीर और मन की शुद्धि, अहंता की परिक्षय और कृषि देव सूर्य भगवान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। इसकी शुरुआत से इस वर्ष दिल्ली से 1,400 छठ घाटों का विशेष प्रबंध किया है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मूल सार



लोकतंत्र का मूल सार ही यह है कि समाज के अंतिम छोर अंधकारिकाल, कमाई और सहयोग के साथ दिए जाए। समाज वर्गों की चुनौतियों इसी लोकतांत्रिक परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में है। आइए, बदलाव के लिए तय तैयार करें, खुली बातचीत करें।

- तरुण चुघ, पूर्व केंद्रीय मंत्रालय

संक्षेप

कमरे में फंदे से लटका मिला मजदूर का शव

पत्नी शाम को घर लौटी तो पता चला; 15 साल पहले हुई थी शादी

अमेठी , टीकर माफी गांव में 50 वर्षीय मजदूर का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। पत्नी शाम करीब 5 बजे घर पहुंची तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मनीष बनवासी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के जबलपुर के रहने वाले थे और अमेठी में ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करते थे। मनीष की करीब 15 साल पहले टीकर माफी गांव की आशा से शादी हुई थी। उनके परिवार में 10 साल का बेटा विजय और दो बेटियां हैं। आशा के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर वह किसी काम से घर से बाहर गई थीं। शाम करीब 5 बजे लौटीं तो कमरे में दीवार के सहारे लगी लोहे की सरिया से दुपट्टे के फंदे पर पति का शव लटका देखा। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। संग्रामपुर पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जरूरी कानूनी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

एसपी ने छठ घाटों का निरीक्षण किया

सुरक्षा, भीड़ और यातायात व्यवस्था देखी; पुलिस बल, गोताखोर और नावें तैनात करने के निर्देश

अमेठी , एसपी सरवणन टी. ने छठ पूजा से पहले मुसाफिरखाना कस्बे के घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। 13 से 16 नवंबर तक चलने वाले छठ पर्व के लिए मुसाफिरखाना में कई घाट बनाए गए हैं। यहां बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देंगी। एसपी ने घाटों पर बैरिकेडिंग, पानी की गहराई, आने-जाने के रास्ते, पार्किंग और लाइट की व्यवस्था देखी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर खास ध्यान दें और किसी तरह की लापरवाही न हो। उन्होंने छठ पूजा के दौरान घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और भीड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने को भी कहा।

संग्रामपुर पुलिस ने आरोपी को किया जिला बदर

नगाड़ा बजवाकर कराई मुनादी; अमेठी-प्रतापगढ़ सीमा के पास लोगों को आदेश की जानकारी दी

अमेठी, संग्रामपुर पुलिस ने जिला बदर किए गए व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को सार्वजनिक रूप से मुनादी कराकर कार्रवाई की जानकारी दी। टिकरिया मजरे भौसिंहपुर निवासी सुजीत पांडेय (25) को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। थाना प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अमेठी-प्रतापगढ़ जनपद की सीमा के पास लोहिया नगर में नगाड़ा बजवाकर मुनादी कराई। इस दौरान लोगों को जिला बदर की कार्रवाई और आदेश की जानकारी सार्वजनिक रूप से दी गई।

जनपद में 18 को मशहूर सिंगर मधुर शर्मा के साथ गूंजेगा सासों की माला पर लिख दूं पिया का नाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर के संगीत प्रेमियों के लिए 18 नवंबर की शाम यादगार होने वाली है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिनी स्टेडियम, सहजनी शुक्लागंज में शहर का पहला बड़ा लाइव म्यूजिक कंसर्ट आयोजित होगा। इस शो में मिजार्पुर फेम मशहूर सिंगर मधुर शर्मा अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे।शाम 4 बजे से शुरू होने वाला यह म्यूजिकल शो देर रात तक चलेगा। यह कंसर्ट भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के पुत्र शशांक शेखर सिंह सनी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि शुक्लागंज और उन्नाव जिले में इस स्टार का लाइव शो पहली बार हो रहा है। अब तक लोगों को ऐसे शो देखने के लिए कानपुर-लखनऊ जाना पड़ता था, अब यह शो उनके अपने शहर में होगा।शो में प्रवेश के लिए एंट्री फॉर्म ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं। जिले के विभिन्न स्थानों से लोग रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पहले से ही रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है, ताकि स्टेडियम में अव्यवस्था न हो। प्रवेश शाम चार बजे से शुरू कर दिया जाएगा, ताकि लोग समय से अपनी सीट ले सकें।इस शो की सबसे खास बात महिलाओं, युवतियों और परिवार के साथ आने वाले लोगों के लिए की गई विशेष व्यवस्था है। आयोजकों ने सुरक्षा की दृष्टि से उनके बैठने के लिए अलग-अलग बॉक्स की व्यवस्था की है। इससे परिवार के साथ आने वाले लोग बिना किसी परेशानी के पूरे शो का आनंद ले सकेंगे। युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए अलग-अलग बेहतर प्रबंध किए गए हैं।आयोजकों ने सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता दी है। शो के दौरान सुरक्षा के लिए 100 से अधिक महिला और पुरुष बाउंसर तैनात किए जाएंगे। महिला दर्शकों की सुरक्षा के लिए महिला बाउंसर विशेष रूप से रहेंगी। इसके अलावा पुलिस और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए भी अलग से प्रबंध किया गया है। स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक जाम न हो, इसके लिए पार्किंग और रूट की भी व्यवस्था की जा रही है। शशांक शेखर सिंह सनी ने बताया कि हम चाहते हैं कि शुक्लागंज का हर व्यक्ति इस शो को याद करे। हमने कोशिश की है कि एक छोटे शहर में भी बड़े शहर जैसा शो हो, लेकिन सुरक्षा और व्यवस्था में कोई कमी न रहे।कंसर्ट की घोषणा के बाद से ही युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। मधुर शर्मा के गाने- 'बेवफा तू' और मिजार्पुर के रसासों की माला पर लिख दूं पिया का नामर गानों को लोग सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर शो का पोस्टर तेजी से वायरल हो रहा है। कई युवाओं ने पहले ही अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। आयोजकों को उम्मीद है कि 18 को मिनी स्टेडियम में हजारों की भीड़ उमड़ेगी। शहर में पहली बार हो रहे इस लाइव कंसर्ट को लेकर व्यापारी और स्थानीय लोग भी उत्साहित हैं। पास के लिए रजिस्ट्रेशन के बाद निराला प्रेक्षागृह और शुक्लागंज वी मार्ट के बगल में संपर्क करें। खास बात यह है कि लाइव कंसर्ट बिना पास के प्रवेश नहीं होगा। प्रवेश पाने के लिए पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा और उसके बाद तय दोनों स्थानों से प्रवेश पास मिलेगा, वह भी पूरी तरह से निशुल्क रहेगा।

भाजपा टिकट के दावेदार बोले, पंडित समाज जातिवादी होता तो सिर्फ परशुराम की पूजा होती

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंत नगर विधानसभा से भाजपा के टिकट के प्रबल दावेदार अविचल शुक्ला ने ब्राह्मण समाज पर जातिवाद के आरोपों को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यदि पंडित समाज जातिवादी होता तो देश में सिर्फ भगवान परशुराम की पूजा होती, दूसरे देवी-देवताओं की नहीं। उन्होंने समाज को जातियों में बांटने की राजनीति करने वाले नेताओं से सावधान रहने की अपील की। अविचल शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित समाज ने हमेशा सभी वर्गों और जातियों को साथ लेकर चलने का काम किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पंडित समाज ने कभी दूसरे वर्गों के हितों की अनदेखी की है? समाज की अलग-अलग जातियों ने अपनी कला और कौशल से देश की संस्कृति को समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि शिल्पकारों ने देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनाईं और उन्हीं प्रतिमाओं की सभी समाज के लोग श्रद्धा के साथ पूजा करते हैं। अविचल शुक्ला ने कहा कि यदि पंडित समाज में जातिवाद की भावना होती तो भगवान राम, भगवान कृष्ण और भगवान विश्वकर्मा की पूजा नहीं की जाती। केवल भगवान परशुराम की पूजा होती। उन्होंने इसे समाज की एकता और आपसी सद्भाव का उदाहरण बताया। उन्होंने कुछ नेताओं पर राजनीतिक हितों के लिए समाज को जातियों में बांटने का आरोप लगाया। कहा कि लोगों को ऐसे नेताओं की राजनीति से समझदारी के साथ बचना चाहिए। राजनीति की सोच छोटी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि देश और समाज का भविष्य किसी भी राजनीतिक समीकरण से बड़ा है। अविचल शुक्ला ने युवाओं और आने वाली पीढ़ी का जिक्र करते हुए कहा कि समाज में अच्छी सोच और आपसी सद्भाव जरूरी है। यदि सभी वर्गों के बीच सम्मान और भाईचारा नहीं रहेगा तो इसका असर बच्चों के भविष्य पर भी पड़ेगा। इसलिए सभी वर्गों को एक-दूसरे का सम्मान करते हुए मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। विधानसभा क्षेत्र में अविचल शुक्ला जनसंपर्क और सामाजिक गतिविधियों के जरिए अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा के टिकट के दावेदारों के नामों की चर्चा के बीच उनका यह बयान राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। सर्वसमाज को साथ लेकर चलने की बात कहकर उन्होंने सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया है।

लापता किशोर अयोध्या स्टेशन से मिला



मुसाफिरखाना पुलिस ने 18 घंटे में तलाशकर परिजनों को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , मुसाफिरखाना पुलिस ने 13 वर्षीय लापता बालक को 18 घंटे में अयोध्या रेलवे स्टेशन से खोजकर परिजनों को सौंप दिया। यह कार्रवाई ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर गुमशुदा बालक की तलाश के लिए टीम बनाई गई थी। राम सजीवन ने थाने में शिकायत दी थी कि उनका बेटा भारत पब्लिक स्कूल में परीक्षा देने घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया। परिजनों ने बालक को घर, दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच तलाशा, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद पिता ने मुसाफिरखाना थाने में पुलिस से मदद मांगी। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज देखने और पूछताछ के बाद बालक के अयोध्या पहुंचने की जानकारी मिली। पुलिस टीम अयोध्या रेलवे स्टेशन पहुंची और उसे वहां से खोज लिया। जरूरी कानूनी कार्रवाई के बाद बालक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में सब-इंस्पेक्टर गोपाल मणि मिश्रा और हेड कांस्टेबल नीरज यादव की भूमिका रही।

एक साल के बच्चे को 50 हजार में बेचा

सुल्तानपुर में महिला समेत दो गिरफ्तार, नकदी जब्त; पुलिस ने बच्चे को किया बरामद

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , कादीपुर में पुलिस और सर्विलांस टीम ने एक वर्षीय तौफीक को बरामद किया है। पुलिस ने बच्चे के अपहरण और उसे खरीदने के आरोप में ऊषा और जितेन्द्र को गिरफ्तार किया। उनके पास से 50 हजार रुपए नकद मिले। शनिवार 12:30 बजे एसपी ने प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने बताया कि 5 नवंबर 2026 को ऊषा ने कादीपुर के पटेल चौराहे पर एक छोटी बच्ची को बहलाया और उसकी गोद में मौजूद तौफीक को ले गई। इसके बाद उसने बच्चे को कादीपुर खुर्द निवासी जितेन्द्र को 50 हजार रुपए में बेच दिया। पुलिस के अनुसार, जितेन्द्र बच्चे को बेचने के लिए मुंबई भी ले गया था। सौदा तय नहीं होने पर वह लौट आया और बच्चे को फिर बेचने की कोशिश कर रहा था। 7 नवंबर 2026 को वादिनी रूबीना पत्नी रोशन, निवासी ककोरगहना, थाना सरायख्वाजा, जिला जौनपुर ने कादीपुर थाने में शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि वह अपने एक वर्षीय बेटे तौफीक को कादीपुर रोडवेज बस स्टैंड के बाहर करीब 8 साल की बेटी के पास छोड़कर पानी लेने गई थीं। लौटने पर बच्चा वहां नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू की। एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश और एएसपी बृजनारायण सिंह की देखरेख में कई टीमें बनाई गईं। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने ऊषा पत्नी सीताराम को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, ऊषा से पूछताछ और उसकी निशानदेही पर ग्राम मगरावां में साजिद कार वॉशिंग सेंटर के पास दबिश दी गई। वहां से जितेन्द्र पुत्र सोमई को गिरफ्तार कर तौफीक को बरामद किया गया। पुलिस ने केस में बीएनएस की धारा 143 और 145 जोड़ी है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

किसान ने धान की फसल फूकने की कोशिश की

क्रय केंद्र पर खरीद न होने का आरोप; प्रभारी ने कहा- किसान का 14 कुंतल धान खरीदा

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , दोस्तपुर ब्लॉक में सरकारी धान क्रय केंद्र पर खरीद न होने से नाराज एक किसान ने अपनी धान की फसल पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। घटना के बाद केंद्र पर लोग जमा हो गए। शनिवार दोपहर 3 बजे वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जो शुक्रवार का बताया जा रहा है।मामला प्रतापपुर धान क्रय केंद्र के साथ दोस्तपुर प्रथम, द्वितीय और तृतीय केंद्रों की कार्यप्रणाली से जुड़ा है। किसानों का आरोप है कि सरकारी केंद्रों पर धान बेचने में उन्हें परेशानी हो रही है। उनका दावा है कि बड़े आढ़तियों और बिचौलियों के जरिए धान खरीदा जा रहा ह किसान को मनाने के लिए क्रय केंद्र प्रभारी अजय कुमार के कथित बिचौलिये के सहयोगी मोनू के पहुंचने की बात सामने आई। बताया गया कि मोनू किसान को समझाने पहुंचा था। किसान का आरोप है कि सरकारी खरीद में वास्तविक किसानों के बजाय बड़े आढ़तियों और बिचौलियों को प्राथमिकता दी जा रही है। किसानों का कहना है कि 41 किलो धान पर एक किलो 300 ग्राम काटा जा रहा है। धान की बोरी का वजन 550 ग्राम है, लेकिन केंद्र पर इसके नाम पर 1 किलो 300 ग्राम तक काटा जा रहा है।

बाजार शुकुल पुलिस ने हत्या के तीन वारंटी किए गिरफ्तार

सुल्तानपुर कोर्ट के वारंट पर कार्रवाई, तीनों को कोर्ट में पेश किया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , बाजार शुकुल में पुलिस ने शनिवार को तीन वारंटी अभियुक्तों को उनके घरों से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी सुबह करीब 4:30 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि तीनों के खिलाफ हत्या का मामला कोर्ट में चल रहा है। सुल्तानपुर कोर्ट के आदेश पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। शुकुल बाजार पुलिस के अनुसार, सुल्तानपुर न्यायालय ने वारंट वाद संख्या 8768/26 और मु0अ0सं0 186/18 में वारंट जारी किया था। मामला बाजार शुकुल थाने में दर्ज है। इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 323, 504, 506 और 452 शामिल हैं। गिरफ्तार लोगों में देवगिरी मजरे संसारपुर, थाना बाजार शुकुल, अमेठी के जगत पुत्र बांकबहादुर सिंह, जितेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र बांकबहादुर सिंह और मनीष सिंह पुत्र राजकुमार शामिल हैं। उपनिरीक्षक राजेश मौर्य और कांस्टेबल अजय कुमार की टीम ने गिरफ्तारियां कीं। पुलिस ने बताया कि जरूरी कानूनी कार्रवाई के बाद तीनों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बच्चों के विवाद में मां-बेटे को घर में घुसकर पीटा

भरतपुर में छह नामजद और दो अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , पिसावा थाना क्षेत्र के नगला डाडा गांव में बच्चों के बीच कहासुनी के बाद कुछ लोग एक घर में घुस गए। उन्होंने मां-बेटे को लाठी-डंडों से पीटा। पुलिस ने छह नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रेखा देवी पत्नी वीरेन्द्र सिंह की तहरीर के मुताबिक, घटना 8 नवंबर 2026 को शाम करीब 4 बजे हुई। इससे दो दिन पहले बच्चों के बीच कहासुनी हुई थी। तहरीर में रेखा देवी ने बताया कि गांव के महेश और पंकज, बलवीर के बेटे हैं। अंशू और विवेक, राकेश के बेटे हैं। आलोक, कर्मवीर का बेटा है। इनके साथ मोनू और दो अज्ञात लोग उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर रेखा देवी और उनका बेटा सचिन घर के अंदर चले गए। आरोप है कि हमलावर भी जबरन घर में घुसे और दोनों पर लाठी-डंडों से हमला किया। मारपीट में रेखा देवी का कान फट गया और उनका कुंडल गिर गया। मां-बेटे जमीन पर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर उर्मिला, सुनील और राकेश मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से चले गए। उपनिरीक्षक महीपाल सिंह की जांच में आरोप सही पाए गए। थानाध्यक्ष प्रिया चौधरी के निर्देश पर 14 नवंबर को बीएनएस की धाराओं 115(2), 352, 351(3), 324(4), 333 और 191(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ग्रामीणों का कहना है कि गोरई में नया थाना बनने के बाद उन्हें चोरी की घटनाएं रुकने की उम्मीद थी। उनका आरोप है कि इसके बावजूद चोरियां जारी हैं। किसानों ने शासन-प्रशासन से चोरों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाएं नहीं रुकीं तो आगे और चोरी हो सकती है। गोरई थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस को चोरी की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

वृंदावन में पर्यटकों ने की स्थानीय युवक की पिटाई

अलीगढ़ के लोगों ने लगाया छेड़खानी का आरोप, स्थानीय युवक ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, वृंदावन में विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर के पास अलीगढ़ के पर्यटकों ने स्थानीय युवक के साथ जमकर मारपीट की। स्थानीय युवक का कहना था वह भीड़ के बीच से निकल रहा था इसी दौरान विवाद हुआ। वहीं पर्यटकों ने आरोप लगाया कि युवक ने उनके साथ मौजूद महिला के साथ छेड़खानी की थी। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवक ने दी पुलिस को तहरीर

मथुरा के वृंदावन में मारपीट का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने कुछ लोगों पर रास्ते में रोककर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित सूरज चौहान ने कोतवाली वृंदावन में लिखित शिकायत देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, सूरज चौहान गेट नंबर दो की ओर से अपनी दुकान जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें बीच रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि पहले उनके साथ कहासुनी और गाली-गलौज की गई, इसके बाद महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उनके सिर पर वार किया और उनके कपड़े भी फाड़ दिए।

वीडियो हुआ वायरल

युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें कुछ लोग सूरज के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। अलीगढ़ के पर्यटक कभी युवक को खींचते तो कभी उस पर थप्पड़ और घुसों की बरसात करते। इस दौरान वहां मौजूद महिलाएं भी युवक को खींचते हुए दिखाई दी। मारपीट के दौरान युवक के मुंह पर चोट भी लग गई। पीड़ित युवक सूरज इस दौरान कहता है कि पुलिस को बुलाओ। लेकिन इसके बाबजूद पिटाई करने वाले पर्यटक उसे नहीं छोड़ते।

भूमि विवाद-रंजिश के मामलों में 20 लोग हिरासत में

5 मामलों में कार्रवाई, शांति भंग की आशंका पर सभी के खिलाफ एक्शन

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , लीलापुर थाना क्षेत्र में भूमि विवाद और पुरानी रंजिश के मामलों में पुलिस ने शनिवार शाम करीब 5 बजे 11 महिलाओं समेत 20 लोगों को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी राधेश्याम त्यागी के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, इलाके में करीब चार महीने से जमीन को लेकर विवाद चल रहे थे। समझौता कराने के बावजूद दोनों पक्षों के बीच फिर विवाद शुरू हो जाते थे। बहलोलपुर में जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद पहला मामला बहलोलपुर गांव का है। यहां गाटा संख्या 511 की जमीन को लेकर राममूरत शुक्ला और राजा बाबू केसरवानी के बीच विवाद हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को हिरासत में लिया।

लीलापुर गेट पर पुरानी रंजिश में छह हिरासत में

लीलापुर गेट पर पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में पहले पक्ष की लाली वर्मा और नीलम वर्मा तथा दूसरे पक्ष की मालती वर्मा, देवमति वर्मा, राधेश्याम वर्मा और राजेश वर्मा को हिरासत में लिया गया।इसी जगह जमीन को लेकर हुए एक अन्य विवाद में झपट्टा वर्मा, परमिला वर्मा और उषा वर्मा के साथ दूसरे पक्ष की शंकरी देवी, लता देवी, रीता देवी और पुष्पा देवी को हिरासत में लिया गया। इस मामले में दोनों पक्षों की सात महिलाएं शामिल हैं।

यूजीसी लागू नहीं होगी, हमने कह दिया तो कह दिया

राजा भैया बोले- चुनावी गठबंधन पर अभी कुछ तय नहीं

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने यूजीसी के नए नियमों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दो टूक कहा, यूजीसी लागू नहीं होगी। हमने कह दिया तो कह दिया। उनके इस बयान के बाद यूजीसी नियमों को लेकर चल रही राजनीतिक बहस में उनकी पार्टी का रुख भी सामने आ गया है।

गठबंधन पर अभी फैसला नहीं

आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति को लेकर पूछे गए सवाल पर राजा भैया ने कहा कि अभी यह तय नहीं है कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक अकेले चुनाव लड़ेगा या किसी दल के साथ गठबंधन करेगा। उन्होंने कहा कि समय आने पर इस संबंध में फैसला लिया जाएगा। सिद्धांतों के आधार पर होगी बातचीत राजा भैया ने गठबंधन की संभावनाओं पर कहा कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की अपनी मान्यताएं और सिद्धांत हैं। इन सिद्धांतों के साथ जो भी राजनीतिक दल आगे आना चाहेंगे, उनसे ससम्मान बातचीत की जाएगी। उनके बयान से साफ है कि पार्टी ने गठबंधन का विकल्प खुला रखा है, लेकिन इस पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

यूजीसी के नए नियमों पर विवाद

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता संवर्धन नियम, 2026' को लेकर देशभर में विरोध और बहस हुई है। इन नियमों का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकना और समानता को बढ़ावा देना बताया गया। हालांकि, कुछ प्रावधानों को लेकर सामान्य वर्ग के संगठनों ने आपत्ति जताई और नियमों पर सवाल उठाए। विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने इन नियमों पर रोक लगाते हुए 2012 के पुराने नियम बहाल कर दिए थे। केंद्र सरकार ने अदालत को नियमों की समीक्षा के लिए विशेष समिति गठित करने की जानकारी दी है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होनी है।

यूपी में भी उठ रहा विरोध

उत्तर प्रदेश में भी यूजीसी के नए नियमों को लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। प्रयागराज में पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने इन नियमों का विरोध करते हुए इन्हें समाप्त करने की मांग की थी।

संक्षेप

भट्ठा मालिक की ईंट से कूचकर हत्या

सगे चाचा ने सिपाही बेटे के साथ मिलकर जमीन पर गिराया, सीने पर कई वार किए

बागपत , ईंट-भट्ठा मालिक की हत्या कर दी गई। सुबह करीब 10:30 बजे सगे चाचा और उनके दो बेटों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। तीनों ने ईंट से कारोबारी के सीने पर वार किए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो तीनों आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस कारोबारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर छपरौली थाना क्षेत्र का है। मृतक का भाई मौजूदा ग्राम प्रधान है। हत्या की वजह 2 लाख रुपए का विवाद बताया जा रहा है। हलालपुर गांव में रहने वाले संजीव (45) का गांव में ही ईंट-भट्ठा है। परिवार में पत्नी अंजली और 18 साल का बेटा ध्रुव है। संजीव के बड़े भाई सुधीर ग्राम प्रधान हैं। गांव के लोगों के मुताबिक, संजीव का अपने चाचा उदयराज से 2 लाख रुपए को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। उदयराज के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा सनी यूपी पुलिस में सिपाही है और लखनऊ में तैनात है। वह इन दिनों छुट्टी पर घर आया हुआ था। छोटा बेटा आर्यन खेती में पिता का हाथ बंटाता है। जमीन पर गिराकर ईंट से किया हमला सुबह करीब 10:30 बजे संजीव अपने ईंट-भट्ठे पर मौजूद थे। उसी समय उनके चाचा उदयराज अपने खेत से गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर वहां पहुंचे। उनके साथ दोनों बेटे सनी और आर्यन भी थे। इसी दौरान 2 लाख रुपए को लेकर संजीव और उदयराज के बीच फिर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि उदयराज ने दोनों बेटों के साथ मिलकर संजीव को जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद भट्ठे की ईंट से उनके सीने पर कई वार किए। इससे संजीव गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख तीनों आरोपी वहां से फरार हो गए। ग्रामीणों ने संजीव को उठाया और पुलिस को सूचना दी। अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ाछपरौली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल संजीव को छपरौली सीएचसी लेकर गई। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। संजीव की मौत के बाद पत्नी और बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में छपरौली थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

तालाब का पानी घर में घुसा, दीवार गिरी

सिसाना गांव में 15-20 साल से सफाई नहीं होने का आरोप; मकान को करीब एक लाख रुपए का नुकसान

बागपत। बागपत के सिसाना गांव में तालाब की साफ-सफाई और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से एक गरीब परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। तालाब का जलस्तर बढ़ने से पानी घर में घुस गया, जिससे मकान की पिछली दीवार गिर गई और घरेलू सामान भी खराब हो गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी से शिकायत कर आर्थिक सहायता और समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

गोकर्णो पण्डितो ज्ञानी धुन्धुकारी महाखलः- करूणेश जी महाराज

सुपुत्र तथा कुपुत्र में व्याख्या कर कथा व्यास ने श्रोताओं को दिया उपदेश

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा सुनाते व्यास करुणेश जी महाराज

अमौली, फतेहपुर ,जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के चांदपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन मंच पर विराजमान सरस कथा वाचक पंडित करुणेश जी महाराज के मुखारविंद से श्रोताओं ने आध्यात्मिक चिंतन समेत अनेक कथाओं को श्रवण किया कथा व्यास ने मंच के माध्यम से श्रीमद् भागवत कथा के बहु प्रचलित श्लोक गोकर्णो पण्डितो ज्ञानी धुन्धुकारी महाखलः का उच्चारण करते हुए पंडित आत्मदेव तथा उनकी धर्मपत्नी धुंधली का प्रसंग सुनाया कथा व्यास ने बताया कि तुंगभद्र नदी के तट पर निवास करती थी धुंधली अत्यंत ईष्यालू तथा झगड़ालू प्रवृत्ति की महिला थी दोनों पति-पत्नी संतान न होने के कारण चिंतित रहते थे एक दिवस पंडित आत्मदेव ने एक ऋषि को अपनी समस्या से अवगत कराया जहां उन्होंने उपदेश देते हुए बताया कि यह मानव शरीर है आवश्यक नहीं की पुत्र हो मनुष्य का शरीर प्राप्त करने के बाद ईश्वर के प्रति चिंतन करने में भी जीवन सफल होता है परंतु पंडित आत्मदेव ने पुत्र मोह पूर्ण रूप से दिखाया जहां समक्ष खड़े ऋषि ने एक फल प्रदान किया और कहा यह अपनी पत्नी को ग्रहण कर देना निश्चित रूप से विद्वान तथा शिष्टाचारी संतान की उत्पत्ति होगी आत्मदेव ने फल लेकर अपनी पत्नी को दिया परंतु पत्नी धुंधली ने फल को न ग्रहण करके घर में मौजूद कामधेनु गाय को खिला दिया वही अपनी बहन के बच्चे को समाज में दिखाने के लिए अपने पुत्र रूप में स्वीकार कर लिया समय बीतने पर गाय ने एक बच्चे को जन्म दिया वहीं बच्चे का पूरा शरीर तो मनुष्य का परंतु कान गाय की तरह दिखाई दिए जिसे देखकर पंडित आत्मदेव ने नामकरण करते हुए बच्चे का नाम गौकर्ण रखा वही पत्नी धुंधली ने अपने पुत्र का नाम अपने नाम के साथ जोड़ते हुए धुंधकारी रखा बड़ा होने पर बेटा धुंधकारी व्यभिचारी हो गया वही जगह-जगह चोरी डकैती कथा वेश्यागमन करने लगा एक समय ऐसा आया कि वैश्या गमन करते हुए पैसे की तंगी से आहत होकर धुंधकारी ने अपनी मां का वध कर दिया वही पीड़ित होकर पिता बनवास की ओर चले गए समय बीतने पर उन्ही वेश्याओं ने धुंधकारी का वध कर दिया प्रांणात के पश्चात धुंधकारी प्रेत बन गया वहीं पूर्व काल में पूजा तपस्या के लिए गए गोकर्ण जी महाराज समय बीतने पर अपने घर पहुंचे जहां जानकारी मिली कि संपूर्ण परिवार नष्ट हो चुका है तथा घर में रुकने पर मध्य रात्रि में धुंधकारी की रोते हुए आवाज सुनाई दी जहां धुंधकारी ने बताया कि वह प्रेत हो चुका है प्रेत योनि से निवारण के लिए गौकर्ण जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराते हुए धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्त कराया पावन कथाओं में कलयुग का आगमन नारद चरित्र आदि को भक्तों ने श्रवण किया देर शाम कथा के परीक्षित कृष्णा देवी एवं सरजू प्रसाद पाण्डेय समेत सभी भक्तों ने महा आरती करते हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया इस मौके पर अन्य भक्त जैसे अनूप पाण्डेय राकेश द्विवेदी दिनेश पवन पाण्डेय गुड़िया विनोद सानू प्रमोद पाण्डेय प्रियंका अनुज राजाबाबू बब्बू कछवाह हरी सिंह ओम नारायण तथा शिवनारायण द्विवेदी समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे

शराब ठेके में हुई भगदड़ से कुएं में गिरा युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

जाफरगंज, फतेहपुर ,जनपद के जाफरगंज थाना कस्बे में चल रहे चार दिवसीय मेले के समापन दिवस एक युवक की कुएं में गिर जाने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के किनारे स्थित एक तालाब के समीप अंग्रेजी शराब की दुकान संचालित है जहां किसी व्यक्ति द्वारा स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई कि अंग्रेजी शराब ठेके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो चुकी है वहीं सूचना मिलने पर प्रशासन मौके पर पहुंचा पुलिस प्रशासन को देख ठेके पर मौजूद भारी भीड़ में भगदड़ मच गई इसी बीच एक युवक भगदड़ में नजदीक में लगी एक चक्की के समीप नलकूप के कुएं में गिर गया यह सूचना जैसे ही प्रशासन को मिली तो तत्काल पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय लोगों ने कुएं के अंदर गिरे युवक को बाहर निकाला जहां जानकारी लेने पर गंभीर रूप से घायल युवक का परिचय जाफरगंज थाना क्षेत्र के भारतपुर गांव निवासी नरेंद्र पुत्र राजाराम के रूप में हुआ प्रशासन ने तत्काल युवक को अस्पताल भेजा जहां मध्य रास्ते में ही युवक की सांसें थम गई प्रशासन के पहुंचने के कारण हुई इस घटना को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए थाना परिसर का घेराव किया जहां सूचना मिलने पर पहुंचे जाफरगंज क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार थाना प्रभारी जाफरगंज प्रमोद शुक्ला आदि ने नागरिकों को समझाने का भरसक प्रयास किया वहीं सूचना मिलने पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम तथा अपर पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 100000 तथा दुर्घटना मुआवजे का चार लाख रुपए युवक के परिजनों को देने की घोषणा की प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं अंतिम समय तक ग्रामीणों ने इस मौत के पीछे पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया

ससुराल में युवक ने बगीचे में लगाई फांसी हुई मौत मामला संदिग्ध

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के हथगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव छोटी संझिया में ससुराल आए एक युवक ने गांव के बगीचे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार गांव की बेटी विमला देवी का विवाह लगभग 8 वर्ष पहले हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गांव अलावलपुर निवासी युवक सियाराम पुत्र संतराम यादव के साथ हुई थी वही विवाह के पश्चात पति-पत्नी के बीच दो बेटे आर्यन तथा आयुष का जन्म हुआ मृतक युवक सियाराम परिवार समेत ससुराल में मौजूद था जहां गांव के पास एक बगीचे में खड़े नीम के पेड़ में फांसी लगाकर युवक ने आत्महत्या कर ली यह जानकारी जैसे ही पत्नी विमला समेत पर ससुराली जनों एवं परिजनों को मिली तो घर में हाहाकार मच गया वहीं सूचना पर पहुंचे हथगांव थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार उपनिरीक्षक आलोक कुमार तिवारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है मामले की जांच प्रारंभ की गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

बकेवर थाना क्षेत्र में मिल रहे लगातार शवों से चिंतित प्रशासन

पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लेते हुए स्वयं किया घटनास्थल का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार मुख्य मार्ग के किनारे मिल रहे मृत अवस्था में व्यक्तियों के शवों को देखते हुए जनपद का प्रशासन सचेत हुआ मिली जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के गंगरावल गांव के समीप मुख्य मार्ग में विगत 11 नवंबर को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ वही मात्र एक दिन बाद थाना क्षेत्र के दिलावलपुर गांव के समीप नहर के किनारे 13 नवंबर को 42 वर्षीय रामसजीवन पुत्र स्वर्गीय शिवचरण वर्मा का भी शव मिला परंतु दोनों मृतकों के साथ हुई घटनाओं का कोई खुलासा नहीं हो पाया जिसे संज्ञान में लेते हुए जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने दोनों स्थानों का निरीक्षण स्वयं किया तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन से विस्तृत जानकारियां ली घटना स्थल का जायजा लेने के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने मृतक राम सजीवन के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की वहीं क्षेत्र में हुई दोनों घटनाओं की बारीकी से जांच करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए क्षेत्र में हो रही लगातार ऐसी घटनाओं से क्षेत्र वासियों में पूर्ण रूप से भय व्याप्त है

शिक्षण संस्थानों में मनाया गया देश के प्रथम प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

अमनलेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



कुलखेड़ा नरैचा समेत सभी विद्यालयों में मनाया गया बाल दिवस

अमौली, फतेहपुर ,देश एवं प्रदेश समेत जनपद के सभी विकासखंड क्षेत्र शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक उच्च प्राथमिक तथा परिषदीय विद्यालयों में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जनपद के खागा बिंदकी मलवा देवमई तेलियानी ललौली खजुहा समेत अमौली शिक्षा क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों ने विद्यालय द्वारा आयोजित बाल मेला में जमकर आनंद उठाया अमौली शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा में शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी की अगुवाई में बच्चों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया वही विद्यालय में मौजूद ग्राम प्रधान पति समेत वरिष्ठ नागरिक तथा शिक्षकों ने बच्चों को स्टेशनरी आदि शिक्षक सामग्री भेंट करते हुए स्वल्पाहार कराया ठीक इसी प्रकार शिक्षा क्षेत्र के नरैचा विद्यालय में भी शिक्षक श्याम जी तिवारी की अगुवाई में बच्चों ने बाल दिवस का महा आनंद प्राप्त किया शिक्षा क्षेत्र के अनेक विद्यालय जैसे प्राथमिक विद्यालय तारापुर बाबूपुर कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग नारायणपुर समेत सभी विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई सरदार वल्लभभाई पटेल पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम समेत अनेक महापुरुषों की जीवन गाथा से परिचित कराया वही विद्यालय में बाल मेला आयोजित किए गए जहां बच्चों को खाने पीने की वस्तुओं के साथ-साथ जागरुक करते हुए नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण आदि के विषय में भी बृहद जानकारियां दी गई इस मौके पर सभी विद्यालयों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक छात्र-छात्राओं समेत अभिभावक गण भी मौजूद रहे

गेस्ट हाउस संचालक काम करते हुए हुआ घायल अस्पताल पहुंचने के पहले हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर ,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र कस्बे में संचालित उत्तम मैरिज लॉन गेस्ट हाउस के संचालक कमलेश उत्तम की अचानक हादसे में घायल हो जाने के बाद मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार संचालक कमलेश कुमार थाना क्षेत्र के बुढ़वा ग्राम पंचायत के मजरे तारापुर का निवासी था जिसका जहानाबाद कस्बे में गेस्ट हाउस संचालित था कारोबार के चलते एक स्थान पर काम करते हुए गेस्ट हाउस संचालक की गिरने से गंभीर चोट लगी जहां परिजन घायल को कानपुर उपचार हेतु ले गए परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही कमलेश कुमार ने दम तोड़ दिया यह जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया वहीं पत्नी सुशीला देवी ने नजदीकी थाना जहानाबाद में शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई

बदमाश ने चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग की

जवाबी कार्रवाई में घायल हर्ष स्याल गिरफ्तार; हत्या के प्रयास के मामले में तलाश थी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , देर रात मेडिकल थाना पुलिस की 25 हजार रुपये के इनामी हर्ष स्याल से मुठभेड़ हुई। पुलिस के मुताबिक, बीएनजी कट पर चेकिंग के दौरान हर्ष ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार, हर्ष हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित था। उसके खिलाफ डेढ़ दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने बृहस्पतिवार को उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इस मामले में विभू शर्मा पुत्र संजीव शर्मा, निवासी प्रवेश विहार, शास्त्रीनगर ने देर रात मेडिकल थाने में शिकायत दी थी। आरोप है कि हर्ष ने उनके पिता पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। विरोध करने पर उसने विभू और उनके परिजनों को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई देर रात पुलिस बीएनजी कट पर संदिग्ध वाहनों और लोगों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस बाइक पर सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया। वह बाइक मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी की पहचान हर्ष स्याल पुत्र मनोज, निवासी ग्राम स्याल, थाना भावनपुर, मेरठ के रूप में की। उसके पास से तमंचा और बिना नंबर की मोटरसाइकिल मिली है।

सुबह से स्मॉग की चादर में लिपटा शहर

337 पहुंचा एक्यूआई, धूप भी नहीं दिला सकी राहत

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,लगभग आधा नवंबर बीतने के बाद मेरठ में सर्दी का असर बढ़ने के साथ ही हवा की गुणवत्ता भी बिगड़ने लगी है। सुबह के समय पूरा शहर स्मॉग की चादर से ढ़का दिखाई दिया। इसके साथ ही बीते दिन भी सुबह से ही शहर धुंध की चादर में लिपटा रहा। दोपहर में सूरज निकला, लेकिन धुंध के कारण उसकी रोशनी भी कमजोर रही। जहरीली हवा और धुंध के चलते लोगों को आंखों में जलन, नाक में चुभन और गले में खराश की शिकायत हुई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार मेरठ का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 241 दर्ज किया गया। यह खराब श्रेणी में है। शहर में सबसे ज्यादा प्रदूषण एमआईटी कॉलेज के आसपास दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 337 रहा। वहीं पल्लवपुरम में 317 एक्यूआई दर्ज किया गया। दोनों क्षेत्रों में हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर से सांस और हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों की परेशानी बढ़ने की आशंका है। कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. आरएस सेंगर ने बताया कि सर्दियों में तापमान में उलटफेर यानी टेम्परेचर इनवर्जन के कारण प्रदूषक कण जमीन के नजदीक जमा हो जाते हैं। सामान्य दिनों में जमीन के पास की गर्म हवा ऊपर उठती है और प्रदूषक कणों को भी अपने साथ ले जाती है। लेकिन सर्दियों में कई बार जमीन के पास ठंडी हवा और उसके ऊपर गर्म हवा की परत बन जाती है। यह परत ढक्कन की तरह काम करती है। इससे वाहनों का धुआं, फैक्ट्रियों का उत्सर्जन और धूल के कण वातावरण में नीचे ही फंसे रहते हैं। हवा की रफ्तार कम होने और वातावरण में नमी के कारण भी प्रदूषण का फैलाव नहीं हो पाता। नमी और धूल के कण मिलकर धुंध को और घना कर देते हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में करीब तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की मौसम वेधशाला पर शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

प्रदूषण से बचाव के लिए बरतें सावधानी

- फिलहाल सुबह की सैर और खुले में व्यायाम करने से बचें। - बाहर निकलते समय अच्छी फिटिंग वाला एन95 मास्क पहनें। - बच्चों की आउटडोर गतिविधियां सीमित रखें। - प्रदूषण अधिक होने पर खिड़की-दरवाजे बंद रखें। - घर में सूखी झाड़ू लगाने के बजाय गीले पोछे का इस्तेमाल करें। - बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और अस्थमा व हृदय रोगी विशेष सावधानी बरतें।

सोसाइटी के बंद फ्लैट में लगी आग

धुआं देखकर मची अफरा-तफरी, 8वीं मंजिल पर दमकल ने बुझाई

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इकोविलेज-2 सोसायटी में शाम एक बंद फ्लैट में आग लग गई। आग टावर अ-2 के 8वें फ्लोर पर स्थित फ्लैट में लगी थी। फ्लैट से धुआं और लपटें उठती देखकर सोसायटी के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम और सोसायटी की मेंटेनेंस टीम ने आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही बिसरख थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने तीन गाड़ियां रवाना की थीं। हालांकि, सोसायटी में मौजूद अग्निशमन उपकरणों और मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी की मदद से आग बुझा दी गई। समय रहते आग पर काबू पा लेने से यह दूसरे फ्लैटों तक नहीं फैल सकी। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि शाम करीब 6:15 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। फ्लैट काफी समय से बंद था और उसमें कबाड़ भरा हुआ था। आग किस वजह से लगी, इसकी जांच की जा रही है।

ऑनलाइन लोन कंपनी के खाते से 23 लाख की ठगी

नोएडा में 98.70 लाख ट्रांसफर करने की कोशिश, 3 राज्यों के खातों में भेजी रकम

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन लोन देने वाली कंपनी के सिस्टम में सेंध लगाकर उसके बैंक खाते से 23.40 लाख रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए। आरोपियों ने 5 से 7 नवंबर के बीच अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए रकम निकाली। इसके अलावा 98.70 लाख रुपये एक अन्य खाते में भेजने की कोशिश भी की, लेकिन ट्रांजैक्शन पूरा नहीं हो सका। सेक्टर-69 स्थित आरएनवीपी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी आईटूआई फंडिंग डॉट कॉम के साथ यह धोखाधड़ी हुई। कंपनी को 9 नवंबर को ठगी का पता चला। इसके बाद रिकवरी मैनेजर सचिन शर्मा की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। शुरूआती जांच में ठगी की रकम आंध्र प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र के बैंक खातों में भेजे जाने की बात सामने आई है।

सीआरएम सिस्टम में सेंध लगाकर किए ट्रांजैक्शन

कंपनी के रिकवरी मैनेजर सचिन शर्मा ने पुलिस को बताया कि कंपनी ऑनलाइन लोन उपलब्ध कराने का काम करती है। ऋण वितरण और रिकवरी से जुड़े सभी वित्तीय लेनदेन कंपनी के सिस्टम के जरिए होते हैं। आरोप है कि साइबर अपराधियों ने कंपनी के सीआरएम (कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट) सिस्टम और बैंकिंग प्रक्रिया से जुड़ी जानकारियां हासिल कर लीं। इसके बाद सिस्टम तक पहुंच बनाकर अधिकृत प्रक्रिया का दुरुपयोग किया और कंपनी के खाते से रकम अलग-अलग बैंक खातों में भेज दी।

पुलिस की देर रात 2 बदमाशों से मुठभेड़

एक के पैर में लगी गोली, दूसरे को दौड़ाकर पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, नोएडा के दादरी में रात पुलिस और चोरी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में साजिद उर्फ टिचकले उर्फ सतमोला पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी रिजवान उर्फ काले पकड़ा गया। पुलिस आरवी नॉर्थलैंड के पास नई बस्ती मोड़ पर संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे बाइक मोड़कर श्मशान घाट की ओर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो दोनों ने खुद को घिरता देख टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में साजिद के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया पुलिस के मुताबिक, साजिद और रिजवान दादरी के मेवातियान मोहल्ले के रहने वाले हैं। उनके पास से तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक, चाकू, सफेद धातु की दो जोड़ी पायल, पीली धातु की दो अंगूठियां और एक चेन बरामद हुई है। एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने करीब एक महीने पहले नया गांव बसंतपुर के एक मकान और दो दिन पहले सूरजपुर विहार कॉलोनी के बंद मकान में चोरी करना कबूल किया है।

सेंट्रल एकेडमी स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस, बच्चों ने लगाए व्यंजनों के स्टॉल

व्यंजन बेचकर बच्चों ने सीखा व्यापार का हुनर, ग्राहक संवाद और हिसाब-किताब का लिया व्यावहारिक अनुभव

अमन लेखनी समाचार

उरई (जालौन)।भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर शुक्रवार को देशभर में बाल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इसी क्रम में उरई के अंबेडकर चौराहे के समीप स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की रचनात्मकता, उत्साह और प्रतिभा से गुलजार नजर आया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किए गए व्यंजनों को आकर्षक ढंग से सजाया और शिक्षकों व अतिथियों को परोसकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लोगों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

व्यापार के साथ सीखा ग्राहक को आकर्षित करने का हुनर

आयोजन की खास बात यह रही कि बच्चों को मनोरंजन के साथ व्यावहारिक जीवन का अनुभव भी कराया गया। स्टॉल लगाकर बच्चों ने रुपये-पैसों का लेनदेन, हिसाब-किताब रखना, ग्राहकों से बातचीत करना, अपने उत्पाद की खूबियां बताना और ग्राहकों को आकर्षित करने जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखे। इस गतिविधि ने बच्चों में आत्मविश्वास, आपसी सहयोग और व्यावसायिक समझ विकसित करने का अवसर प्रदान किया।



प्रधानाचार्य अभा नीखरा ने बताया बाल दिवस का महत्व

विद्यालय की प्रधानाचार्य अभा नीखरा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बेहद स्नेह करते थे। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। उन्हीं के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिवार प्रत्येक वर्ष बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाता है। उन्होंने बताया कि इस बार बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन और पकवान तैयार कर अपने शिक्षकों को परोसे। ऐसे आयोजनों से बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक जीवन, व्यापारिक सोच और संवाद करने की कला सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा के साथ आत्मविश्वास, व्यवहार कुशलता और लोगों से जुड़ने की कला भी बेहद जरूरी है। विद्यालय का प्रयास है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो और वे भविष्य की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी

सेंट्रल एकेडमी स्कूल में आयोजित बाल दिवस समारोह ने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और नए अनुभव हासिल करने का अवसर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक ज्ञान का महत्व समझा। पूरे आयोजन में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

कुकरगांव में बौद्ध कथा और विशाल भिक्षु सम्मेलन का दूसरा दिन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

रविवार को होगा सामूहिक बौद्ध दीक्षा समारोह, अरविंद बौद्ध ने बुद्ध के विचारों और संविधान के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। जनपद के कुकरगांव स्थित बुद्ध विहार में पूज्य भदन्त आनन्द देव जी की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय विशाल भिक्षु सम्मेलन एवं सामूहिक बौद्ध दीक्षा समारोह के दूसरे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। 13 से 15 नवंबर तक आयोजित इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में बौद्ध धर्म की शिक्षाओं और भगवान बुद्ध के विचारों का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह बुद्ध पूजा एवं वंदना के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू होते हैं। इसके बाद भिक्षु संघ के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है तथा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बौद्ध कथा का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम प्रबंधक भंते ज्ञान ज्योति कुकरगांव के मार्गदर्शन में आयोजित कथा में भिंड मध्य प्रदेश से आए कथावाचक अरविंद बौद्ध अपने विचारों और ओजस्वी वाणी के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन, उनके बताए मार्ग तथा भारतीय संविधान के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दे रहे हैं। वहीं बहुजन मिशनरी गायिका विशाखा बौद्ध ग्वालियर और बहुजन गायक सुमित बौद्ध ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री चैनसुख भारती ने अध्यक्षता की, जबकि रामबिहारी बोधाचार्य ने संचालन किया। प्रज्ञा शरण गोपालपुरा सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन का समापन रविवार 15 नवंबर को होगा। अंतिम दिन सामूहिक बौद्ध दीक्षा समारोह एवं विशाल भिक्षु सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में कुकरगांव के समस्त ग्रामवासी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

जालौन की सभी तहसीलों में लगेंगी पुलिस शिकायत पेटिकाएं! समाजसेवी ने एसपी को सौंपा मांग पत्र

थानों में सुनवाई न होने पर पीड़ित सीधे एसपी कार्यालय तक पहुंचा सकेंगे अपनी शिकायत, गोपनीयता और समयबद्ध निस्तारण की भी उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनपद की आम जनता को पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के लिए समाजसेवी मुहम्मद अशफाक राईन ने पहल की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक जालौन को मांग पत्र सौंपकर जिले की सभी तहसीलों में सुरक्षित पुलिस शिकायत पेटिकाएं स्थापित कराने की मांग उठाई है। समाजसेवी ने मांग की है कि प्रत्येक तहसील परिसर में ताला बंद शिकायत पेटिका लगाई जाए, जिससे पीड़ित व्यक्ति बिना किसी डर, दबाव और संकोच के अपनी शिकायत पुलिस प्रशासन तक पहुंचा सके। उनका कहना है कि कई बार लोग स्थानीय थाने या संबंधित पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रखने में असहज महसूस करते हैं। वहीं, कुछ मामलों में शिकायतों पर उचित सुनवाई नहीं होने की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने सुझाव दिया कि शिकायत पेटिकाओं की चाबी और निगरानी किसी जिम्मेदार एवं विश्वसनीय कर्मचारी को सौंपी जाए। पेटिकाओं में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को नियमित रूप से डाक के माध्यम से सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय उरई भेजने की व्यवस्था की जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर शिकायतें लंबित न रहें और पीड़ितों की आवाज उच्च अधिकारियों तक पहुंच सके। मुहम्मद अशफाक राईन ने यह भी मांग की कि पुलिस अधीक्षक स्वयं प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर निष्पक्ष जांच के निर्देश दें। जिन मामलों में संबंधित थानों या पुलिस अधिकारियों द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही है, उनकी अलग से जांच कराई जाए। इसके साथ ही शिकायतकताओं की पहचान गोपनीय रखने, शिकायतों के निस्तारण की समय-सीमा निर्धारित करने और जांच में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को उसकी शिकायत पर हुई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इससे पुलिस प्रशासन के प्रति आम जनता का भरोसा बढ़ेगा और पीड़ितों को अपनी बात उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का एक अतिरिक्त माध्यम मिलेगा। समाजसेवी मुहम्मद अशफाक राईन ने पुलिस अधीक्षक से जनहित में इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर जिले की सभी तहसीलों में पुलिस शिकायत पेटिकाएं स्थापित कराने तथा उनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों की सीधे अपने स्तर से निगरानी कराने की अपील की है।

यमुना पुल पर मिली बुलेट बाइक और चप्पल, 30 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता; नदी में कूदने की आशंका

अमन लेखनी समाचार

कालपी (जालौन): कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित यमुना नदी के नए पुल पर एक युवक की बुलेट बाइक और चप्पल लावारिस हालत में मिलने से हड़कंप मच गया है। लापता युवक की पहचान 30 वर्षीय अख्तर खां के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अख्तर खां घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। यमुना पुल पर उनकी बाइक और चप्पल मिलने के बाद परिजनों ने नदी में कूदने की आशंका जताई है। पीड़ित पिता असलम ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर यमुना नदी और आसपास के क्षेत्रों में युवक की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल युवक के लापता होने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

गोल्डन आवर में सही प्राथमिक उपचार से बच सकती है घायल की जान, पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



उरई, जालौन। यातायात माह नवंबर-2026 के तहत शनिवार को पुलिस लाइन सभागार उरई में सड़क सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने के लिए आवश्यक प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजीव शर्मा, प्रभारी निरीक्षक यातायात वीर बहादुर सिंह सहित चिकित्सक डॉ. गोपाल सोनी, डॉ. हरिप्रसाद कुशवाहा एवं उनकी चिकित्सकीय टीम मौजूद रही। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने, रक्तस्राव रोकने, सीपीआर (उढफ) देने तथा घायलों को सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचाने की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। चिकित्सकों ने दुर्घटना के बाद के शुरूआती महत्वपूर्ण समय यानी गोल्डन आवर के महत्व को समझाते हुए बताया कि समय पर प्राथमिक उपचार और चिकित्सा सहायता मिलने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान पुलिसकर्मियों को यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई। कार्यक्रम में आमजन को भी सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना देने तथा घायलों को समय से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग करने पर जोर दिया गया। यातायात पुलिस ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार के लिए सक्षम बनाने के साथ ही आमजन में सड़क सुरक्षा और दुर्घटना पीड़ितों की मदद के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढ़ाना है। यातायात पुलिस ने अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें, क्योंकि आपका छोटा सा प्रयास किसी की अनमोल जिंदगी बचा सकता है।

मामूली स्क्रैच पर कार चालक की दबंगई, ई-रिक्शा चालक को पाइप से पीटा

जाम में कार और ई-रिक्शा की मामूली टक्कर के बाद भड़का विवाद, मोबाइल तोड़ने और जबरन कार में बैठाने का भी आरोप; आधे घंटे तक सड़क पर मचा हंगामा

अमन लेखनी समाचार



जालौन।मामूली विवाद में कानून हाथ में लेने का एक मामला सामने आया है। कोंच बस स्टैंड पर जाम के दौरान कार के बोनट पर ई-रिक्शा से मामूली स्क्रैच लगने से नाराज कार चालक ने ई-रिक्शा चालक के साथ कथित तौर पर बेरहमी से मारपीट कर दी। आरोप है कि कार चालक ने प्लास्टिक के पाइप से हमला कर उसे घायल कर दिया। इतना ही नहीं, उसका मोबाइल फोन तोड़ने और जबरन कार में बैठाने का प्रयास करने का भी आरोप है। जानकारी के अनुसार, कोंच बस स्टैंड पर जाम लगा हुआ था। इसी दौरान ई-रिक्शा कार के पास पहुंच गया, जिससे कार के बोनट पर स्क्रैच आ गया। इस बात को लेकर कार चालक और ई-रिक्शा चालक यासीन के बीच कहासुनी शुरू हो गई। यासीन के मुताबिक, उसने स्क्रैच का हजार्ना देने की बात भी कही, लेकिन कार चालक शांत नहीं हुआ और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। पीड़ित का आरोप है कि कार चालक ने प्लास्टिक के पाइप से उस पर कई वार किए, जिससे शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं। मारपीट के दौरान उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया गया और ई-रिक्शा को भी नुकसान पहुंचाया गया। घटना के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। करीब आधे घंटे तक सड़क पर हंगामे की स्थिति बनी रही। बाद में स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह ई-रिक्शा चालक को बचाया। मामूली स्क्रैच के विवाद में इस तरह मारपीट किए जाने से लोगों में नाराजगी है। फिलहाल पीड़ित की ओर से लगाए गए आरोपों की पुष्टि और पुलिस की कार्रवाई की जानकारी सामने आना बाकी है। मामले में पुलिस जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) में प्रदीप टांडा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बने झांसी मंडल अध्यक्ष

25 वर्षों से विभिन्न संगठनों में सक्रिय हैं प्रदीप यादव, झांसी, ललितपुर और जालौन में मानी जाती है अच्छी पकड़

अमन लेखनी समाचार



झांसी। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से ग्राम टांडा निवासी प्रदीप यादव टांडा को झांसी मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के जिला अध्यक्ष भरत राजपूत पनारी के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय कटियार ने उनका मनोनयन किया है। गौरतलब है कि प्रदीप यादव टांडा पिछले करीब 25 वर्षों से विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वह प्रधान संगठन, अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा एवं एक उम्मीद एनजीओ में भी झांसी मंडल अध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही वह राजनीति में भी सक्रिय हैं। झांसी मंडल के तीनों जिलों झांसी, ललितपुर और जालौन के ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। उनके भारतीय किसान यूनियन प्रधान से जुड़ने को किसान हितों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। किसानों की समस्याओं को जमीनी स्तर से उठाकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा उन्हें भारतीय किसान यूनियन प्रधान की नीतियों एवं सिद्धांतों से अवगत कराते हुए संगठन से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

मां के दरबार के गेट पर जूते पहनकर मेज पर बैठे एसआई, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

कालपी के दुर्गा मंदिर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पुजारी के सवाल उठाने पर वहां से जाते दिखाई दिए उपनिरीक्षक

अमन लेखनी समाचार



कालपी (जालौन)। मां दुर्गा के दरबार की मयार्दा और पुलिसकर्मियों के आचरण को लेकर कालपी नगर में एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। दुर्गा मंदिर चौराहे स्थित मां दुर्गा मंदिर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिस की वर्दी पहने एक उपनिरीक्षक मंदिर के मुख्य द्वार के पास रखी मेज पर जूते पहनकर बैठे दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित उपनिरीक्षक कालपी कोतवाली में तैनात हैं। वीडियो सामने आने के बाद श्रद्धालुओं और सोशल मीडिया यूजर्स में नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालु वहां की परंपराओं और मयार्दाओं का ध्यान रखते हैं, ऐसे में पुलिसकर्मियों से भी संवेदनशील और मर्यादित व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। वायरल वीडियो में मंदिर के पुजारी द्वारा उपनिरीक्षक से सवाल किए जाने के बाद उन्हें वहां से जाते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, वीडियो किस परिस्थिति में बनाया गया और मौके पर उपनिरीक्षक की ड्यूटी की वास्तविक स्थिति क्या थी, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या संबंधित उपनिरीक्षक के आचरण की जांच कराई जाएगी? क्या जालौन पुलिस वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगी? फिलहाल संबंधित उपनिरीक्षक का पक्ष और पुलिस विभाग की आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वायरल वीडियो की सत्यता और पूरे घटनाक्रम की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

दहेज में स्कॉर्पियो की मांग का आरोप, विवाहिता की मौत से परिवार में मचा कोहराम

पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप, पिता ने पुलिस से मांगा न्याय

अमन लेखनी समाचार



(जालौन) औरैया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बदनपुर में दहेज उत्पीड़न से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत के बाद मायके पक्ष ने पति समेत ससुराल के अन्य लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला बदनपुर निवासी रामशरण दुबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी आकांक्षा का विवाह 21 जनवरी 2025 को जालौन जनपद के ग्राम छिरिया निवासी अंकित तिवारी के साथ किया था। आरोप है कि शादी में करीब 10 लाख रुपये नकद, गृहस्थी का सामान और लगभग नौ लाख रुपये के जेवरात दिए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और लगातार स्कॉर्पियो कार की मांग कर रहा था। मृतका के पिता ने पति अंकित तिवारी, ससुर श्रवण कुमार तिवारी, सास सुमन देवी समेत अन्य ससुरालीजनों पर बेटी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आकांक्षा के नाम दर्ज मकान, प्लॉट, बीमा पॉलिसी और बैंक खातों पर भी ससुराल पक्ष की नजर थी और उन पर कब्जा करने का दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, 16 जून को आकांक्षा ने वीडियो कॉल के माध्यम से अपने साथ मारपीट होने और जहर दिए जाने की आशंका जताई थी। इसके बाद तबीयत बिगड़ने पर उसे पहले झांसी और फिर दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया, जहां 25 जून को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता का आरोप है कि पोस्टमार्टम के बाद पति और अन्य ससुरालीजन शव को छोड़कर फरार हो गए। बेटी की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

कुएं में मिला 38 वर्षीय व्यक्ति का शव, इलाके में मचा हड़कंप



अमन लेखनी समाचार

जालौन।माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के रामहेतपुरा गांव के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कुएं में 38 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। कुएं में शव देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई, वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही माधौगढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल व्यक्ति की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

कार्तिक मास में कतक्यारियों और कृष्ण जी के ग्वालों के बीच हुआ संवाद

अमन लेखनी समाचार



गरौठा।पवित्र कार्तिक मास में क्षेत्र के गांवों में धार्मिक परंपराओं और भक्ति भाव का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। महिलाएं प्रतिदिन प्रातःकाल कार्तिक स्नान कर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन कर रही हैं। इसी क्रम में गरौठा क्षेत्र के ग्राम कचीर में शनिवार को कतक्यारियों और भगवान श्रीकृष्ण के ग्वालों के बीच पारंपरिक संवाद का आयोजन किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार दोनों पक्षों के बीच हुए संवाद में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और कार्तिक मास की महिमा का वर्णन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को दही-माखन एवं प्रसाद वितरित किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप की भूमिका पंडित हरप्रकाश तिवारी ने निभाई। ग्रामीण क्षेत्रों में पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा धार्मिक आस्था के साथ-साथ भारतीय लोक संस्कृति और सामाजिक एकता की भी प्रतीक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कतक्यारी गोपिकाओं सहित भूपत सिंह परिहार, दशरथ पांचाल, पिंटू परिहार, हेमन्त यादव, लालू यादव, कमलेश पांचाल, डिंगू परिहार, कल्लू साहू, जसपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



'आवारा पागल दीवाना 2' की शूटिंग जल्द होगी शुरू

मुंबई। साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' का सीक्वल बनने जा रहा है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने फैंस को यह खुशखबरी दी है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा, 'फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, इस पर काम जारी है। उन्होंने कहा, 'मैंने बॉर्डर 2 में भी काम किया है। मैं उसमें सिर्फ एक सीन में था, लेकिन मैं इसे एक सफलता मानता हूं क्योंकि आखिरकार यह हमारी फ्रेंचाइज बन गई है। जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

लाइफ़ Style

श्रुति

अपनी पसंद छिपाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए

एजेंसी : नई दिल्ली

अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी फिल्मों के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर अपनी निजी जिंदगी और पर्सनल लाइफ पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी और शराब पीने की आदत को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिनकी चर्चा हो रही है।

अभिनेत्री ने साफ कहा कि उन्हें अपने कॉस्मेटिक प्रोसीजर के बारे में छिपाने या झूठ बोलने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह लगातार आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। हालांकि, बाद में उन्होंने दोबारा शराब पीना शुरू कर दिया। श्रुति ने ये बातें नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'इवल डेट' में बातचीत के दौरान साझा कीं। शो में बातचीत के दौरान श्रुति हासन ने कॉस्मेटिक प्रोसीजर को लेकर अपनी सोच स्पष्ट की। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में फैसले लेने की पूरी आजादी होनी चाहिए। अगर कोई अपनी पसंद से कॉस्मेटिक सर्जरी या किसी दूसरे प्रोसीजर का सहारा लेता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। हालांकि, उन्हें यह समझ नहीं आता कि लोग इसके बारे में सच बताने से क्यों बचते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं इन चीजों के बारे में बहुत सोच-समझकर बात करती हूं, लेकिन मैं लोगों के सामने बड़ी हुई हूं और ऐसे में इस बारे में झूठ बोलना बेवकूफी होगी।' उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग अपने लुक में बदलाव के बावजूद दावा करते हैं कि वे हमेशा से ऐसे ही दिखते थे। श्रुति के मुताबिक जब बदलाव साफ नजर आ रहा हो तो इस तरह की बातें करना अजीब लगता है।



हॉलीवुड मसाला



फ्रेंच फिल्म अकादमी देगी 'मानद सीजर अवार्ड'

लॉस एंजिल्स। फ्रेंच अकादमी ने रविवार को घोषणा की कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन को 52वें सीजर अवार्ड समारोह में 'मानद सीजर अवार्ड' दिया जाएगा। फ्रेंच अकादमी ने कहा कि 'किंग लिटिल लाइज' की अभिनेत्री को यह सम्मान 25 फरवरी, 2027 को होने वाले समारोह में दिया जाएगा। फ्रांस की राष्ट्रीय फिल्म अकादमी की तरफ से सिनेमा जगत में आजीवन उपलब्धियों और योगदान के लिए दिया जाने वाला एक सम्मानित अवॉर्ड है।



मैदान के बाद अब पर्दे पर दिखेंगे फुटबॉलर

लॉस एंजिल्स। दुनियाभर में अपना लोहा मनवा चुके पुर्तगाल के दिग्गज फिटबॉली क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब एक नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। फुटबॉल के मैदान पर अपने शानदार खेल से करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले रोनाल्डो अब टीवी की दुनिया में भी नजर आएंगे। उन्होंने अपनी पहली टीवी सीरीज 'डे 1' का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि इस सीरीज में फुटबॉल खेल भी अहम भूमिका होगी। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्रिटिश प्रोड्यूसर और डायरेक्टर मैथ्यू वॉन के साथ एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने लिखा कि खुशखबरी! मेरी पहली टीवी सीरीज 'डे 1' की शूटिंग शुरू हो गई है।



स्केरी पिक्चर का पहला लुक आया सामने

मुंबई। अभिनेता-निर्माता राणा दग्गुबाती ने आगामी हॉरर फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का पहला लुक सामने आया है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म हॉरर कहानी पर आधारित होगी। फिल्म 'स्केरी पिक्चर' पर राणा दग्गुबाती ने एक बातचीत में कहा, 'स्केरी पिक्चर से शुरू करते हुए, हमारा लक्ष्य इस शैली से प्यार करने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए निरंतर निर्माण सहायता और रिलीज के अवसर उपलब्ध कराना है। भारत हर शैली में विविधतापूर्ण है, और हॉरर भी इससे अलग नहीं है। हर क्षेत्र के अपने भय, अपनी कहानियां और उन्हें बताने के अपने तरीके हैं। हम हर उपशैली के लिए खुले हैं। मनोवैज्ञानिक, जीव-जंतु, हॉरर-कॉमेडी, सामाजिक हॉरर, या फिल्म निर्माता हमारे सामने जो भी नई कहानियां लेकर आएं।' फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का निर्देशन रवि बाबू ने किया है।



कोमल ने शेयर कीं गोविंदा संग तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा पिछले काफी समय से अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पत्नी सुनीता आहूजा के साथ उनके रिश्ते और फिल्म 'रूपा' की को-स्टार कोमल रानी स्वर्णकार के साथ उनकी नजदीकियों को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अब रानी ने सोशल मीडिया पर गोविंदा के साथ 'रूपा' की कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें दोनों की नजदीकियां एक बार फिर लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इन तस्वीरों में कहीं गोविंदा अभिनेत्री का हाथ थामे नजर आ रहे हैं, तो किसी में वह एक-दूसरे को देखते हुए पोज दे रहे हैं। रानी स्वर्णकार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रूपा की सुंदर झलकियां।' बता दें कि तस्वीरों में गोविंदा व्हाइट ब्लेजर, काली पैंट और सनग्लासेस पहने नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



बिग बी ने की 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर वापसी

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने काम पर लौट आए हैं। पिछले महीने डॉक्टरों की सलाह पर आराम करने के लिए उन्होंने काम और सोशल मीडिया से कुछ समय का ब्रेक लिया था। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर फैंस के बीच चिंता भी देखने को मिली। अब बिग बी ने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के सेट पर वापसी कर ली है। शो के नए प्रोमो में उनकी झलक सामने आई है, जिसमें वह अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते हैं, 'उम्मीद है कि आप सबकी दिवाली बड़ी ही शानदार रही होगी। हमने भी अपनों के साथ दिवाली मनाई, लेकिन... और एक और घर भी तो है। केबीसी का यह मंच।' इसके बाद वह शो को अपना दूसरा परिवार बताते हैं। प्रोमो में हॉट सीट पर बैठे एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से उनकी तबीयत के बारे में पूछते हैं। इस पर बिग बी अपने चिर-परिचित अंदाज में पहले कंटेस्टेंट का हालचाल पूछते हैं। जब कंटेस्टेंट बताता है कि वह ठीक है, तो अमिताभ मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'अगर आप ठीक हैं, तो हम भी ठीक हैं।'

आम्रपाली ने लव को जमकर फटकारा

नई दिल्ली। बीते दिनों 'बिग बॉस 20' में स्काउट ओपी और यंग डीएसपी के बीच तगड़ा विवाद हुआ। इसके बाद लव सिंह से किया मजाक स्काउट पर भारी पड़ा। इससे ओपी काफी आहत हैं। बेमर की यह हालत देखकर आम्रपाली दुबे और डीएसपी ने लव पर कई आरोप लगाए, जिससे लव और आम्रपाली के बीच तीखी बहस हुई। 'बिग बॉस 20' के हालिया प्रोमो में स्काउट ओपी ने लव से हुए विवाद के बाद अपने सिर के बाल शेव कर दिए थे। इसके साथ ही वह भावनात्मक रूप से काफी टूट गए। उनकी यह हालत देख आम्रपाली दुबे और डीएसपी ने इस सब का जिम्मेदार लव सिंह को ठहराया। आम्रपाली ने लव से कहा कि वह स्काउट ओपी को पागल कर देंगे।



छठी मईया सुन ली से उठऊ सूरज देव तक, इन गानों के बिना अधूरा है छठ पर्व

नई दिल्ली। बिहार के साथ अब लगभग पूरे देश में छठ पूजा की जाती है। इस पावन अवसर पर हर तरफ छठी मैया के गाने गूंजते हैं। इस पर्व की अहमियत को देखते हुए बॉलीवुड ने भी गाने बनाने शुरू कर दिए हैं। हाल ही में दो फिल्मों में इसके गाने आए हैं।

बुलाए छठी मां- ये प्रेम मोल लिया

इस गाने में छठ पर्व के शानदार विजुअल दिखाए गए हैं। इसे आयुष्मा खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया है। इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। गाने को श्रेया घोषाल और केशव आनंद ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है। इसे हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है।



छठ मईया की महिमा- द वन

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया यह गाना काफी लोकप्रिय हुआ। इसमें छठ पूजा की झलक मिलती है। गाने के बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं। इसे विशाल मिश्रा ने आवाज दी है।

पहिले पहिल हम कईनी छठी मईया बरत तुहार

शारदा सिन्हा छठ के गानों के लिए काफी मशहूर हैं। यह गाना उन्होंने ही गाना है। गाने में एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई गई है।

बाल दिवस सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट हैं बॉलीवुड के ये मशहूर गाने

नई दिल्ली। छोटा बच्चा जान के न कोई आंख दिखाना रे से लेकर लकड़ी की काठी तक ऐसे कई गाने हैं, जिन्हें सुनते ही बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं।

नन्हे मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है: साल 1954 में आयी फिल्म 'बूट पॉलिश' के इस गाने को आशा भोंसले और मोहम्मद रफी ने गाया है। जो एक भाई-बहन के संघर्ष और उसके बाद मिली खुशियों पर आधारित है। बाल दिवस के मौके पर इस गाने को स्कूल, कॉलेज में जरूर प्ले किया जाता है।

लकड़ी की काठी : बहुत ही मशहूर गाना है लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा, जो 1983 में आई 'मासूम' फिल्म का गाना है। जिसमें



उर्मिला मातोंडकर और जुगल हंसराज बाल किरदार में हैं। इस गाने को गौरी वाघत, गुरप्रीत कौर और वनिता मिश्र ने गाया है। आज भी ये गाना बच्चों के पसंदीदा गानों में से एक है।

जिद्दी पिद्दी : बच्चे एक होकर क्या नहीं कर सकते, इस गाने में यही दिखाया गया है। बहुत ही एंटरटेनिंग और इंस्पायरिंग मूवी थी ये। इस गाने में बच्चे अंडरविअर पहनकर एक मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं जो उनके सोसायटी के पालतू कुत्ते को मारना चाहता है। जिसमें अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, तन्मय चौधरी, गौरिका राय ने अपनी आवाज दी है।

तारे जमीन पर: बच्चों पर आधारित बहुत ही खूबसूरत फिल्म है जिसमें आमिर खान लीड एक्टर थे। साल 2008 में आई इस फिल्म की टैग लाइन ही थी कि हर एक बच्चा खास होता है। शंकर महादेवन की आवाज में बहुत ही खूबसूरत गाना है तारे जमीन पर।

सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि देती है सीख भी

वो छह फिल्में जो बच्चों को सिखाती हैं जीवन का पाठ

नई दिल्ली। आज देशभर में बाल दिवस मनाया जा रहा है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हर कोई अलग-अलग अंदाज में इस खास दिन को सेलिब्रेट कर रहा है। मगर, सिनेमा का अपना अलग रंग होता है। यह सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि आसपास के परिवेश की सीख भी यहां से मिलती है। यू भी बच्चे देखकर बेहतर तरीके से समझते हैं। अगर आज के दिन बच्चों को कोई फिल्म दिखाने के बारे में सोच रहे हैं, तो ये फिल्में बेहतर विकल्प हो सकती हैं।



मासूम

वर्ष 1983 में आई यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब पसंद की गई। यह बच्चों से जुड़ित मासूम कर देने वाले विषय पर आधारित है। यह लोग लिए बच्चों की समस्याओं पर बात है। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, सुप्रिया पाठक और जुगल हंसराज मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का लोकप्रिय गाना 'लकड़ी की काठी' आज भी बच्चों को काफी पसंद आता है।



तारे जमीं पर

वर्ष 2007 में रिलीज हुई यह फिल्म सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि पेरेंट्स को भी जरूर देखनी चाहिए। अगर आपने अब तक न देखी हो तो आज अपने बच्चों के साथ बैठकर इस फिल्म को देख सकते हैं। आमिर खान अभिनीत इस फिल्म में दिखाया गया है कि हर बच्चा अपने आप में खास है। फिल्म के कुछ दृश्य आपको भावुक कर देंगे और अंतिम में एक सीख देंगी।



आई एम कलाम

नीला माधव पांडा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भी दर्शकों की खूब तारीफ बटोरी। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम दर्ज कर चुकी है। बच्चों को प्रेरित करने के लिहाज से यह एक बेहतरीन फिल्म है। 2011 में आई इस फिल्म में ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़ लिखकर अपने परिवार के नाम आगे बढ़ता है।



स्टेनली का डब्बा

2011 में आई अमोल गुप्ते द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी आपका मनोरंजन करने के साथ आपकी आंखें भी नम करेगी। यह फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो हमेशा अपने दोस्त का टिफिन खाता है, लेकिन कभी भी अपने लिए लंच नहीं लाता। आखिर वजह तो इस फिल्म के खुद ही जोड़ ही पाएगा, साथ ही आपको भी अपने पुराने दिनों की याद आ जाएगी।



चिल्लर पार्टी

बच्चों पर आधारित यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। विनेश सिकेरी और विकास बहल ने मिलकर इसका निर्देशन किया। फिल्म में अनाथ बच्चों के एक ग्रुप को दिखाया गया है, जो अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हैं। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। अगर आपने यह शानदार फिल्म नहीं देखी तो आपको अपने बच्चे को यह फिल्म जरूर दिखानी चाहिए।